## चंबा में गहरी खाई में गिरी कार, 6 लोगों की मौत, 4 गंभीर

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार तड़के सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तुनुहट्टी क्षेत्र के काकीरा घार के पास रात करीब तीन बजे हुआ, जब धर्मशाला से डलहौजी की ओर जा रही एक टैक्सी इनोवा अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआती जानकारी के मुताबिक वाहन में कुल दस लोग सवार थे। इनमें अधिकांश पर्यटक गुजरात के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी, जिसके चलते सड़क पर फिसलन थी। आशंका जताई जा रही है कि खराब मौसम और फिसलन हादसे का कारण हो सकती है। लोगों ने हादसे की आवाज सुनकर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद पुलिस, प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और अंधेरे व बारिश के बीच राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद घायलों और शवों को खाई से बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन मंडी नंबर की टैक्सी इनोवा थी। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। एसपी ने कहा कि विजय कुमार सकलानी ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन की ओर से मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## राहुल गांधी मानहानि मामले में बहस टली, अब 21 मई को सुनवाई

सुलतानपुर (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान बहस नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में हुई, जहां परिवादी पक्ष की ओर से वॉयस सैंपल की मांग खारिज किए जाने के आदेश को सेशन कोर्ट में चुनौती देने हेतु समय मांगा गया। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अदालत में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर रिवीजन दाखिल करने के लिए अवसर देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि अदालत ने परिवादी को एक अवसर प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई एवं बहस के लिए 21 मई की तारीख नियत की है। मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा इस संबंध में सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। उल्लेखनीय है कि मामले में राहुल गांधी पूर्व में अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब अदालत में 21 मई को आगे की सुनवाई होगी।

## चुनाव खत्म होते ही पीएम को याद आया 'संकट' : अखिलेश यादव

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनता से कम खर्च करने और खाने के तेल की खपत कम करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर तंज करते हुए सोमवार को कहा कि यह गुजारिश सरकार की अपनी असफलता की 'स्वीकारोक्ति' है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तेलंगाना में एक रैली में आम जनता से पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे हालात में ईंधन का समझदारी से इस्तेमाल करने और सोने की खरीद तथा विदेश यात्रा को एक साल के लिए टालने जैसे कई उपाय सुझाए जाने पर तंज करते हुए 'एक्स' पर कहा कि चुनाव ख़त्म होते ही, 'संकट' याद आ गया! दरअसल देश के लिए 'संकट' सिर्फ़ एक है और उसका नाम है-'भाजपा'। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी सारी पाबंदियां लगानी पड़ीं तो 'पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था' कैसे बनेगी? लगता है भाजपा सरकार के हाथ से लगाम पूरी तरह छूट गयी है। डॉलर आसमान छू रहा है और देश का रुपया पातालोन्मुखी हो गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सोना न खरीदने की अपील जनता से नहीं, भाजपाइयों को अपने भ्रष्ट लोगों से करनी चाहिए क्योंकि जनता तो वैसे भी 1.5 लाख तोले का सोना नहीं खरीद पा रही है। भाजपाई ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। हमारी बात गलत लग रही हो तो 'लखनऊ से लेकर गोरखपुर' तक पता कर लीजिए या 'अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी' तक। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि वैसे सारी पाबंदियां चुनाव के बाद ही क्यों याद आईं है? भाजपाइयों ने चुनाव में जो हजारों चार्टर हवाई यात्राएं कीं वो क्या पानी से उड़ रहीं थीं? वो क्या होटलों में नहीं ठहर रहे थे या सिलेंडर की फोटो लगाकर खाना बनाकर खा रहे थे? भाजपाइयों ने चुनाव में वीडियो कॉन्फ्रेंस से ही प्रचार क्यों नहीं किया? सारी पाबंदियां जनता के लिए ही हैं क्या? उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील की आलोचना करते हुए कहा कि ये अपील भाजपा सरकार की अपनी असफलता की स्वीकारोक्ति है। दरअसल वोट मिलते ही भाजपा का खोट सामने आ गया।

## धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में तीन शिक्षक निलंबित

संभल (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित पीएमश्री स्कूल के तीन शिक्षकों को परिसर में धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपों में निलंबित कर दिया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने जलाब सराय गांव में हुई आधिकारिक जांच के बाद प्रधानाचार्य मोहम्मद अंजर अहमद, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक वलेश कुमार और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक शिक्षकों पर स्कूल के अंदर धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और हिंदू छात्रों को टोपी पहनने के लिए कहने और लड़कियों को हिजाब पहनने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप है। इन आरोप में लिप्त होने पर एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विवाद 7 मई को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ था। इसके बाद, संभल ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार ने मामले की जांच के लिए 8 मई को स्कूल का दौरा किया। छात्रों के बयान दर्ज किए गए और बाद में बीएसए को रिपोर्ट सौंपी, जिसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्यवाहक प्रधानाध्यापक वालेश कुमार को वरिष्ठ अधिकारियों को गतिविधियों के बारे में सूचित करने में विफल रहने और अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य मोहम्मद अंज़ार अहमद और सहायक शिक्षक मोहम्मद गुल एजाज़ दोनों विद्यालय परिसर में अनुपस्थित पाए गए।

# क्या खाली है तमिलनाडु का खजाना.... यहां थलापति कर रहे राजनैतिक बयानबाजी

### पूर्व सीएम स्टालिन ने दावों पर उठाए सवाल





**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई (ईएमएस)। तमिलनाडु में ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता संभालने वाले मुख्यमंत्री विजय थलापति पहले दिन से ही चुनौतियों और आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में वंदे मातरम् को लेकर उठे विवाद के बाद, दूसरा और बड़ा मुद्दा राज्य की आर्थिक स्थिति पर उनके दावे से शुरू हुआ है। नए मुख्यमंत्री बने विजय ने आरोप लगाया है कि पूर्ववर्ती डीएमके सरकार ने राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपये का भारी कर्ज छोड़ा है और सरकारी खजाने को पूरी तरह से खाली किया है। इन दावों पर पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने तीखा पलटवार कर कहा कि प्रदेश की नई सरकार के पास पैसा है, बस लोगों तक पहुंचाने की इच्छाशक्ति और शासन चलाने की क्षमता की कमी है।

राज्य की राजनीति में नई सरकार आने के बाद पूर्ववर्ती सरकार पर खजाना खाली करने का आरोप लगाना कोई नई बात नहीं है। इसके पहले भी सत्ता में आने वाली डीएमके सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती एआईएडीएमके सरकार पर इसतरह के आरोप लगाए थे। लेकिन सवाल यह है कि क्या सच में तमिलनाडु की आर्थिक स्थिति उतनी खराब है जितनी सीएम विजय ने बात दी है, या यह केवल राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा है?

दरअसल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, तमिलनाडु पर भारत के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा कर्ज है। वर्ष 2025 के अंत तक, राज्य पर करीब 9.56 लाख करोड़ रुपये की उधारी का अनुमान है। यह पिछले कई वर्षों के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा लिया गया कर्ज है। हालांकि, तमिलनाडु देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक है, जिसकी विकास दर 2011 के जीडीपी वर्ष आधार पर 10.8 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 11.2 प्रतिशत हो गई है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि राज्य इस कर्ज को संभालने और चुकाने की मजबूत क्षमता रखता है।

इसके बाद विशेषज्ञों के अनुसार, मुख्यमंत्री थलापति की सरकार की वास्तविक चिंता कर्ज की मात्रा से अधिक, वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान जैसे अनिवार्य खर्चों का बढ़ता बोझ है। एक रिपोर्ट में प्रकाशित पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के विश्लेषण के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में राज्य की अनुमानित राजस्व प्राप्तियों का लगभग 62 प्रतिशत इन्हीं अनिवार्य खर्चों में जाने का अनुमान है, जिससे विकास कार्यों पर खर्च के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है।

लेकिन विडंबना यह है कि थलापति ने स्वयं चुनावी घोषणापत्र में हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली जैसे कई कल्याणकारी वादे किए हैं, जो उनके सरकारी खर्चे को और भी बढ़ाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में तमिलनाडु पहले ही सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं पर 72,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बना चुका है, जो सड़क और बुनियादी ढांचे जैसी विकास परियोजनाओं के लिए निर्धारित राशि से भी अधिक है। अनुमान है कि विजय के सभी चुनावी वादों को पूरा करने से राज्य पर वार्षिक कल्याणकारी खर्च लगभग 1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

वहीं तमिलनाडु का खजाना भले ही पूरी तरह से खाली न हो, लेकिन यह निश्चित रूप से गंभीर वित्तीय दबाव में है। मुख्यमंत्री थलापति को न केवल पूर्ववर्ती सरकार द्वारा छोड़ी गई विरासत का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अपने स्वयं के चुनावी वादों को पूरा करने के लिए भी एक ठोस वित्तीय रणनीति बनानी होगी, जो राज्य के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन बिठा सके।

## शुभेंदु के पीए की हत्या : बक्सर से विशाल श्रीवास्तव को किया गिरफ्तार

### यूपीआई भुगतान से खुला हत्यारों का राज

बक्सर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की सनसनीखेज हत्या के मामले में जांच तेज करते हुए स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बिहार के बक्सर में बड़ी कार्रवाई की है। एसटीएफ की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपट्टी निवासी कुख्यात अपराधी विशाल श्रीवास्तव को हिरासत में लिया है और उसे पूछताछ के लिए कोलकाता ले गई है। विशाल के खिलाफ हत्या, मारपीट और आर्म्स एक्ट जैसे करीब एक दर्जन गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं। सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ को संदेह है कि चंद्रनाथ रथ की हत्या की साजिश और इसे अंजाम देने से जुड़े कई अहम राज विशाल के पास हो सकते हैं। हालांकि, बक्सर के एसपी शुभम आर्य ने इस पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की, लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि की है कि पश्चिम बंगाल से आई टीम ने छापेमारी कर विशाल को हिरासत में लिया है। इस बीच, जांचकर्ताओं को हावड़ा के बल्ली टोल प्लाजा से एक बेहद महत्वपूर्ण सुराग मिला है। वारदात में इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार हमले से कुछ देर पहले टोल प्लाजा से गुजरी थी, जहाँ उसमें सवार लोगों ने यूपीआई के माध्यम से टोल का भुगतान किया था। इस डिजिटल ट्रांजैक्शन ने पुलिस को संदिग्धों के मोबाइल नंबर तक पहुँचा दिया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों और वाहन की स्पष्ट तस्वीरें भी कैद हुई हैं। ज्ञात हो कि चंद्रनाथ रथ की हत्या 6 मई की रात कोलकाता हवाई अड्डे के समीप मध्यमग्राम के दोहरिया लेन में उस वक्त कर दी गई थी, जब वे अपनी एसयूवी से लौट रहे थे। हमलावरों ने सिल्वर रंग की कार से उनका रास्ता रोका और फिर दोपहिया वाहनों पर सवार होकर आए शूटर्स ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। जांच में पता चला है कि इस हत्याकांड में ऑस्ट्रिया निर्मित अत्याधुनिक ग्लॉक 47 एक्स पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया है, जिसने राज्य और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। सीआईडी और एसटीएफ की संयुक्त एसआईटी इस कोण से भी जांच कर रही है कि क्या इस हत्याकांड के पीछे कोई विदेशी नेटवर्क शामिल है, जिसने बांग्लादेश के रास्ते हथियारों की आपूर्ति की हो। विशाल श्रीवास्तव की गिरफ्तारी इस केस की गुत्थी सुलझाने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।



## रेल मंत्री का बड़ा दावा: बुलेट ट्रेन खत्म करेगी छोटे रूटों पर हवाई सफर

### -अश्विनी वैष्णव के बयान ने बढ़ा दी एयरलाइंस के लिए चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि आने वाले वर्षों में, भारत का हाई-स्पीड रेल नेटवर्क कई छोटे घरेलू हवाई मार्गों पर हवाई यात्रा को करीब-करीब समाप्त कर देगा। सीआईआई बिजनेस समिट में रेल मंत्री वैष्णव ने एयरलाइन निवेशकों को आगाह कर संकेत दिया कि मुंबई-पुणे, हैदराबाद-बेंगलुरु और बेंगलुरु-चेन्नई जैसे प्रमुख रूटों पर यात्री अब फ्लाइट के बजाय बुलेट ट्रेन को प्राथमिकता देने वाले है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव का तर्क है कि जिस तरह जापान, चीन और दक्षिण कोरिया में हाई-स्पीड रेल ने घरेलू विमानन बाजार को पूरी तरह बदल दिया है, ठीक उसी तरह भारत में भी एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।

केंद्रीय रेल मंत्री के अनुसार, मुंबई से पुणे की दूरी बुलेट ट्रेन से केवल 48 मिनट में तय होगी। इसी तरह, पुणे से हैदराबाद की यात्रा 1 घंटा 55 मिनट में, हैदराबाद से बेंगलुरु की यात्रा 2 घंटे 8 मिनट में और बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा महज 78 मिनट में पूरी होगी। इतनी कम यात्रा अवधि के साथ, लोग हवाई अड्डों पर लंबी सुरक्षा जांच, शहर के ट्रैफिक और उड़ानों में होने वाली देरी जैसी परेशानियों से बचने के लिए बुलेट ट्रेन को कहीं अधिक सुविधाजनक पाएंगे। उन्होंने विश्वास जताकर कहा कि भविष्य में इन रूटों पर 99 प्रतिशत यात्रा रेलवे के माध्यम से ही होगी, जिससे हवाई यात्रा की प्रासंगिकता करीब खत्म हो जाएगी।रेल मंत्री वैष्णव ने इस महत्वाकांक्षी योजना के वित्तीय पहलू पर भी प्रकाश डाला, बताया कि भारत सरकार बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर करीब 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रही है। इस परियोजना का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा भारतीय कंपनियों और सप्लायर्स को मिलेगा, जिससे देश में रोजगार के नए मौके पैदा होने और विनिर्माण क्षेत्र को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

# मंत्री-नेताओं के काफिले पर पाबंदी, बड़ी चुनावी रैलियां एक साल के लिए बंद हों

### -पीएम मोदी की अपील पर विपक्ष केंद्र सरकार पर हमलावर, कर दी तीन मांगें



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दुनियाभर में जारी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में पीएम मोदी ने देशवासियों से सामूहिक भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ईंधन का संयमित उपयोग किया जाए, साथ ही अगले एक साल तक सोने की खरीद न की जाए। पीएम मोदी की इस अपील पर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) गुट की पूर्व राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी पीएम मोदी का नाम न लेते हुए कहा कि सेंट्रल एशिया में जारी संघर्ष को संभालने में नीतिगत विफलता के चलते चुनाव संबंधी निर्णयों का बोझ अब नागरिकों पर नहीं डाला जा सकता और उनसे तेल बचाने या यात्रा कम करने को नहीं कहा जा सकता। चतुर्वेदी ने कहा कि नागरिक पहले से ही इस सरकार के चुनावी नीतियों पर केंद्रित शासन और पुरस्कार बटोरने वाली विदेश नीतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं। इसके साथ शिवसेना नेता अपने एक्स से देश वासियों को कुछ सुझाव भी शेयर किए, जिनमें मंत्री और नेताओं के लंबे काफिले पर पाबंदी लगाना, बड़ी चुनावी रैलियां एक साल के लिए बंद करना, बड़े शपथ ग्रहण समारोह पर पाबंदी हो, सिर्फ उब्ल्यूएचएफ यानी वॉच फ्रॉम होम करना शामिल है।

बता दें पीएम मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देशवासियों से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौर में जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया आर्थिक उथल-पुथल, सप्लाई चेन में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से जूझ रही है, जिसका असर बढ़ती महंगाई के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे समय में भारत को मजबूत बनाए रखने के लिए सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी दैनिक आदतों में बदलाव लाकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दें। उन्होंने लोगों से एक साल तक गैर-जरूरी सोने की खरीदारी से बचने का आग्रह किया, ताकि विदेशी मुद्रा के अनावश्यक बहिर्वाह को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने पेट्रोल और डीजल के संयमित उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि तेल की बचत से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। पीएम मोदी ने ईंधन की खपत कम करने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, वहां मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें। निजी वाहनों के इस्तेमाल में कार-पूलिंग अपनाएं। माल ढुलाई के लिए रेल परिवहन को प्राथमिकता दें और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दें। पीएम मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपनाए गए कार्यकुशल उपायों को दोबारा लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वर्क-फ्रॉम-होम, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस और वर्चुअल बैठकों जैसी व्यवस्थाएं न केवल समय और संसाधनों की बचत करती हैं, बल्कि ईंधन की खपत भी कम करती हैं।

प्रधानमंत्री ने लोगों से रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं, जैसे जूते, बैग और अन्य सामान, के लिए स्थानीय और 'मेड-इन-इंडिया' उत्पादों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल देश में रोजगार बढ़ेगा, बल्कि विदेशी आयात पर निर्भरता भी कम होगी। पीएम मोदी ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को 50 फीसदी तक कम करने और प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की।

# कहीं आंधी-बारिश और ओलावृष्टि तो कहीं हीटवेव की चेतावनी

### उत्तर भारत में फिर करवट ले रहा मौसम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में दोपहर के समय बढ़ती तपिश के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आज से 14 मई के बीच उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में बारिश, कड़कती बिजली और 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज आंधी का नया दौर शुरू होगा। पश्चिमी विक्षोभ और अन्य भौगोलिक कारणों से होने वाले इस बदलाव से जहां कुछ राज्यों को गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं कई हिस्सों में ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज से 14 मई के दौरान व्यापक स्तर पर बारिश और गरज के साथ बिजली चमकने का अनुमान है। विशेष रूप से सोमवार और मंगलवार को जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में, और 12 व 13 मई को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 11 से 14 मई और उत्तर प्रदेश में 12 से 14 मई के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

एक तरफ जहां उत्तर भारत में बारिश की तैयारी है, वहीं दूसरी ओर 15 मई तक पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भीषण हीटवेव (लू) चलने की आशंका है। दक्षिण भारत की बात करें तो अगले सात दिनों तक केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। 11 मई को दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की भी संभावना है, जिसका असर तटीय क्षेत्रों के मौसम पर पड़ेगा।पूर्वोत्तर भारत और पूर्वी राज्यों में भी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 15 मई तक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। बिहार, झारखंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मैदानी इलाकों में भी गरज-चमक के साथ बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

## राहुल गांधी भारतीय राजनीति की सबसे अस्वीकृत वस्तु : फडणवीस का तीखा हमला



**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला कर उन्हें भारतीय राजनीति में सबसे अस्वीकृत वस्तु करार दिया। सीएम फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी को सभी राज्यों के मतदाताओं ने बार-बार नकारा है, जबकि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ता से समर्थन करता है। यह आलोचना राहुल गांधी द्वारा हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की सात अपीलों की आलोचना करने के बाद की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी भारतीय राजनीति में सबसे ज्यादा नकारे गए व्यक्ति हैं, हर राज्य में सभी ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने गांधी को एक ऐसा उत्पाद जो कि जनता ने किनारे कर दिया है। फडणवीस ने जोर दिया कि लोकतंत्र में केवल वही मायने रखता है जिसे जनता स्वीकार करती है, और राहुल गांधी जैसे लगातार नकारे जा रहे व्यक्ति को कोई महत्व नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रधानमंत्री मोदी के साथ मजबूती से खड़ा है और उन्हें बार-बार अपना आशीर्वाद देता है।

ये टिप्पणियाँ प्रधानमंत्री मोदी की सात अपीलों पर राहुल गांधी की आलोचना के बाद आईं, जो पश्चिम एशिया संकट के जवाब में की गई थीं। पीएम मोदी की अपीलों में खाद्य तेल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और प्राकृतिक खेती अपनाने जैसे अनुरोध शामिल थे, जिनका उद्देश्य वैश्विक आर्थिक दबावों से निपटना था। राहुल गांधी ने पोस्ट में इन अपीलों को उपदेश के बजाय विफलता करार दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री को समझौतावादी बताकर अपनी आलोचना तेज की और दावा किया कि देश का शासन अब उनके नियंत्रण में नहीं है।

इस बीच, दिल्ली में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 में फडणवीस ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के अगले युग के लिए महाराष्ट्र की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य के विकास के लिए बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और विनिर्माण पर महाराष्ट्र के विशेष ध्यान पर जोर दिया।

# बंगाल चुनाव हार पर टीएमसी का नया दावा: एसआईआर के कारण गई 31 सीटें

### अदालत ने दिया अलग याचिका का सुझाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद सत्ता से बाहर हुई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सुप्रीम कोर्ट में नतीजों को लेकर एक नया दावा पेश किया है। ममता की पार्टी ने सोमवार को एसआईआर (स्ट्राइक-आउट, इनएलिजिबल और रिजेक्टेड) से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इसी प्रक्रिया के चलते 31 सीटों पर चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बंगाल सरकार के लिए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में कहा कि इन 31 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का अंतर एसआईआर में हटाए गए मतदाताओं की संख्या से भी कम है। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर के कारण मतदाताओं का नाम सूची से नहीं हटाया जाता, तब इन सीटों का परिणाम निश्चित रूप से कुछ और हो सकता था और इससे चुनाव का रुख बदल सकता था। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कई सीटें ऐसी भी हैं, जहां कटे हुए वोटों की संख्या और जीत का अंतर करीब बराबर है। उन्होंने कहा कि एक सीट पर, तब तृणमूल कांग्रेस का उम्मीदवार मात्र 862 वोटों से हार गया, जबकि उसी सीट पर एसआईआर प्रक्रिया के तहत 5432 वोट हटा दिए गए थे।

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि राज्य के चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच कुल 32 लाख वोटों का अंतर रहा है, जबकि वोटर सूची से नाम हटाने संबंधी 35 लाख अपीलें फिलहाल विभिन्न न्यायाधिकरणों (ट्राइब्यूनल्स) के समक्ष लंबित हैं, जिन पर अभी फैसला आना बाकी है। ममता के वकील ने इस दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची की एक पुरानी टिप्पणी का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि डिलीट हुए वोटों की संख्या जीत के अंतर से ज्यादा रहती है, तब इसतरह के मामलों का न्यायिक परीक्षण अवश्य किया जाना चाहिए। इन दलीलों पर सुनवाई कर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने टीएमसी को सलाह दी है कि वे इस मामले को लेकर अलग से याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने स्पष्ट रूप से कहा कि ममता बनर्जी सहित इन 31 सीटों के सभी उम्मीदवार इस दावे के साथ अलग से याचिकाएं दायर कर सकते हैं। अदालत ने ममता बनर्जी का नाम विशेष रूप से इसलिए लिया क्योंकि भवानीपुर सीट भी उन्हीं सीटों में शामिल है, जहां एसआईआर में कटे वोटों से जीत का अंतर कम बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 294 सीटों में से 207 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया था और राज्य में पहली बार सरकार बनाई। इस जीत को भाजपा ने एक ऐतिहासिक सफलता माना था। हालांकि, अब टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी हार के पीछे एसआईआर प्रक्रिया को एक बड़ा कारण बताते हुए कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है।



# सीबीआई जज और पुलिस अफसर बन 'डिजिटल अरेस्ट' का खौफ दिखाया, 32.75 लाख ठगने वाला गुरुग्राम का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## बुजुर्ग दंपती की एफडी तुड़वाकर हड़पी थी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई, पुलिस की त्वरित कार्रवाई: खातों में होल्ड कराए 16.36 लाख रुपये

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

साइबर अपराधों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भीलवाड़ा साइबर थाना पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' का खौफ दिखाकर एक बुजुर्ग दंपती से 32.75 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हरियाणा के गुरुग्राम से एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की मुस्तैदी से आरोपियों के बैंक खातों में 16.36 लाख रुपये फ्रीज करा दिए गए हैं, जिनमें से 13.46 लाख रुपये पीड़ित को वापस दिलाने के लिए न्यायालय से आदेश भी प्राप्त कर लिया गया है।



### आधार कार्ड के दुरुपयोग का दिखाया डर

पुलिस के अनुसार, संजय कॉलोनी निवासी 74 वर्षीय प्रहलाद राय सोडानी (भीलवाड़ा डेयरी से सेवानिवृत्त लेखाकार) ने 14 अप्रैल 2026 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि 27 मार्च 2026 को उन्हें एक अनजान कॉल आया। कॉलर ने डराते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड से मुंबई में एक सिम जारी हुआ है, जिसका इस्तेमाल कर लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजे गए हैं।

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर तुड़वाई एफडी

ठगों ने खुद को सीबीआई जज और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपती को अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप वीडियो कॉल किए। उन्हें कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया गया। खौफजदा होकर पीड़ित प्रहलाद राय ने 7 अप्रैल को 22.50 लाख रुपये और 10 अप्रैल को अपनी पत्नी सुशीला की एफडी तुड़वाकर 10.25 लाख रुपये ठगों के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए।

### तकनीकी जांच से पुलिस पहुंची शातिर तक

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (त्वरित अनुसंधान दल) हेमंत नेगीया और साइबर थाना प्रभारी आयुष क्षोत्रिय (आईपीएस प्रोबेशनर) के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक रामशरण ने तकनीकी अनुसंधान करते हुए संदिग्धों के ठिकानों को चिन्हित किया। टीम ने दबिश देकर आखिरकार गुरुग्राम से मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड:

नामः अनिल कुमार उर्फ नन्हे (31 वर्ष), पुत्र लेखराज निवासीः देवीलाल कॉलोनी, गुरुग्राम (हरियाणा) क्राइम कुंडलीः आरोपी अनिल गुरुग्राम के सेक्टर-9ए थाने का नामी हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस रिकॉर्ड में वह 'बैड कैरेक्टर' के रूप में दर्ज है और उस पर पहले से 15 आपराधिक मामलों में चालान पेश हो चुके हैं।

इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में साइबर थाना भीलवाड़ा के उपनिरीक्षक रामशरण के साथ कांस्टेबल बाबूलाल, प्रभुराम और प्रवीण शामिल रहे।

### आमजन से अपील:

भीलवाड़ा पुलिस ने शहरवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि किसी भी अनजान वीडियो कॉल या खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या कोर्ट अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों से डरें नहीं। भारत के कानून में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई प्रावधान नहीं है। किसी भी स्थिति में घबराकर अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें और न ही पैसे ट्रांसफर करें। ऐसी कोई भी कॉल आने पर तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर हेल्पलाईन 1930 पर सूचना दें।

# एनडीपीएस एक्ट के दो आरोपियों को 10-10 साल कठोर कारावास



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अपर जिला न्यायाधीश ने एन डीपी एस एक्ट के दो आरोपियों को 10 -10 वर्ष के कठोर कारावास व एक एक लाख रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई । अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार वाजा ने अफीम डोडा चुरा के दो आरोपियों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व एक एक लाख रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई मामले मे थाना अधिकारी आरक्षी केंद्र गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा ने दिनांक 11-2-2020 को भीलवाड़ा से अजमेर जाने वाले नेशनल हाइवे 79 पर नाका बंदी के दोरान 420 किलो ग्राम अफीम डोडा पोस्त को पकड़ा जिसमे मुल्जिम सलमान खा पुत्र मुना खा पठान मुसलमान उम्र 24 साल निवासी धुंधड़का थाना दलोडा जिला मंदसौर के खिलाफ अपराध धारा 8/15 और आरोपी राकेश पुत्र मदन लाल खारोल उम्र 30 साल निवासी धुंधड़का थाना दलोडा जिला मंदसौर मध्यप्रदेश के विरुद्ध अपराध धारा 8/15 एन डीपी एस एक्ट मे प्रत्येक को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व एक एक लाख के जुर्माने से दंडित किया मामले मे चार्ज सीट पेशकर अपर लोक अभियोजक रेखा चौहान ने 18 गवाह 111 दस्तावेज 84 आर्टिकल प्रदर्शत कराये।

# किसान अस्पताल में, आरोपी फरार... और पुलिस सिर्फ दिला रही भरोसा

## बागोर थाना क्षेत्र में कथित अपहरण और बेरहम मारपीट का मामला गरमाया

### पीड़ित परिवार बोला- 'अगर कुछ हुआ तो जिम्मेदार कौन? '

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के बागोर थाना क्षेत्र से सामने आया किसान उत्पीड़न का मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। भामाखेड़ा निवासी मधु लाल खारोल के साथ कथित अपहरण, मारपीट और लूट की घटना के बाद जहां पीड़ित अस्पताल में भर्ती है, वहीं दूसरी ओर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार किसान मधु लाल खारोल बैल लेकर लौट रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दस्तावेज दिखाने और जानकारी देने के बावजूद मामला शांत नहीं हुआ और कुछ ही देर में कई युवक मौके पर पहुंच गए। 'गाड़ी में डालकर ले गए, कई जगह पीटा 'पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और फिर जबरन गाड़ी में डालकर अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया। आरोप है कि वहां हाथ-पैर बांधकर मारपीट की गई और मोबाइल व नकदी भी छीन ली गई।



मारपीट में गंभीर चोटें आने के कारण मधु लाल खारोल को उपचार के लिए राजसमंद हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। सूत्रों के अनुसार उनकी आंख में गंभीर चोट है तथा पूरे शरीर पर सूजन और चोटों के निशान हैं।

### मुकदमा दर्ज... लेकिन गिरफ्तारी नहीं

मामले में बागोर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों और परिजनों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### परिवार का आरोप — 'सिर्फ आश्वासन मिल रहा '

पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस की ओर से केवल आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

### ग्रामीणों में आक्रोश

क्षेत्र में लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन खड़ा हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है।

अब सबकी नजर बागोर पुलिस प्रशासन पर टिकी है... आखिर कार्रवाई कब होगी?

**13 साल फरार रहे करोड़ों की ठगी के आरोपी को हाईकोर्ट से झटका**

# 114 निवेशकों से 10 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी का आरोप, गुजरात हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

स्मार्ट हलचल | अहमदाबाद

करोड़ों रुपये की निवेश ठगी के मामले में 13 वर्षों तक फरार रहे आरोपी को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। गुजरात हाईकोर्ट ने निवेश योजना के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोपी अनिल शंकरलाल बिरला की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपी ने लंबे समय तक जांच में सहयोग नहीं किया और वर्षों तक फरार रहा, ऐसे में उसे राहत देने का कोई आधार नहीं बनता।

हाईकोर्ट में दायर याचिका में आरोपी की ओर से दलील दी गई थी कि मामले में चार्जशीट पेश हो चुकी है और अब उसे जेल में रखने का कोई औचित्य नहीं है। वहीं राज्य सरकार और मूल परिवादी की ओर से जमानत का कड़ा विरोध करते हुए कहा गया कि आरोपी पर गंभीर आर्थिक अपराध के आरोप हैं तथा उसने बड़ी संख्या में निवेशकों को ठगा है।



न्यायमूर्ति निखिल एस. करियल की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि आरोपी ने वर्ष 2011 में निवेश योजना चलाकर लोगों से बड़ी रकम जमा करवाई, लेकिन रकम लौटाने के बजाय फरार हो गया। एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी वर्ष 2025 में जाकर पुलिस के हत्थे चढ़ा। अदालत ने माना कि आरोपी का लगातार जांच से बचना और फरार रहना उसके खिलाफ सबसे बड़ा तथ्य है।

अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी की अग्रिम जमानत याचिकाएं वर्ष 2012 और 2017 में भी खारिज हो चुकी थीं। इसके बावजूद वह वर्षों तक पुलिस और जांच एजेंसियों की पकड़ से बाहर रहा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीआरपीसी की धारा 70 के तहत वारंट तक जारी किए गए थे।

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि आरोपी पर राजस्थान के भीलवाड़ा कोतवाली थाने और वडोदरा डीसीबी थाने में भी इसी प्रकार के आर्थिक अपराध दर्ज हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि आरोपी पर वर्ष 2011 में करीब 228 लोगों से 71 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप भी सामने आए हैं। वर्तमान मामले में आरोपी पर 114 निवेशकों से लगभग 10 करोड़ 23 लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। हाईकोर्ट ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर लोगों को ठगने और लंबे समय तक फरार रहने वाले आरोपी को न्यायालय की विवेकाधीन राहत नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

**मिलावटखोरों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा प्रहार**

# 90 किलो से ज्यादा एक्सपायरी खाद्य सामग्री नष्ट

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में मिलावटखोरी और एक्सपायरी खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए, जबकि 90 किलो से अधिक अवधिपार खाद्य सामग्री मौके पर ही जब्त कर नष्ट करवाई गई।



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह सन्धु के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने त्रिवेणी चौराहा स्थित किरण गोल्ड टी कम्पनी पर निरीक्षण कर बासमती चावल का नमूना लिया। यहां करीब 50 किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री मिलने पर उसे जब्त कर नष्ट कराया गया।

इसी क्रम में बीगोद स्थित पवन किराना स्टोर से तिल्ली तेल का नमूना लिया गया तथा लगभग 40 किलो अवधिपार सामग्री जब्त कर नष्ट की गई। वहीं त्रिवेणी चौराहा स्थित गंगा जनरल स्टोर से सोयाबीन तेल का नमूना संग्रहित किया गया।

विभाग द्वारा लिए गए सभी नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए अजमेर प्रयोगशाला भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव सहित विभागीय टीम मौजूद रही।

सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि जिले में मिलावटखोरी और अस्वच्छ खाद्य सामग्री की बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से खाद्य सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और गुणवत्ता जांचने की अपील करते हुए किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना विभाग को देने का आग्रह किया।

# 20 सितंबर को फिर होगी एसआई भर्ती परीक्षा

### 3.83 लाख अभ्यर्थी लेंगे भाग

स्मार्ट हलचल

अजमेर राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सब इंस्पेक्टर/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2021 को लेकर नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। आयोग अब यह परीक्षा 20 सितंबर 2026 को आयोजित करेगा। यह भर्ती पूर्व निर्धारित 859 पदों के लिए ही कराई जाएगी। पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के चलते रद्द की गई इस भर्ती परीक्षा को लेकर लंबे समय से अभ्यर्थी नई तारीख का इंतजार कर रहे थे।

### केवल पुराने अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका

आरपीएससी अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने बताया कि दोबारा आयोजित होने वाली इस परीक्षा में केवल वही अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने वर्ष 2021 में आयोजित लिखित परीक्षा के दोनों प्रश्न पत्र दिए थे। ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या 3 लाख 83 हजार 097 है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नए आवेदन नहीं लिए जाएंगे और परीक्षा सीमित अभ्यर्थियों के लिए ही आयोजित होगी।

### पेपर लीक और गड़बड़ियों के बाद रद्द हुई थी परीक्षा

गौरतलब है कि राजस्थान सरकार की अनुशंसा के बाद आयोग ने उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा-2021 को निरस्त कर दिया था। इस भर्ती परीक्षा को लेकर पेपर लीक, डमी अभ्यर्थी और अन्य गड़बड़ियों के आरोप सामने आए थे। मामले की जांच स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (स्ह्र) द्वारा की गई थी। जांच में कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई थी, जिसके बाद परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया।

### आरोपित अभ्यर्थियों पर जल्द होगा फैसला

अब दोबारा होने वाली परीक्षा में स्ह्र जांच के दौरान जिन अभ्यर्थियों पर आरोप तय किए गए हैं, उन्हें परीक्षा में शामिल किया जाएगा या नहीं, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही 'क्क्ष्ट की फुल कमीशन बैठक आयोजित की जाएगी। उसी बैठक में तय किया जाएगा कि आरोपित अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए या नहीं।

### आवेदन में संशोधन का मिलेगा अवसर

आयोग ने अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संशोधन और अपडेट का मौका भी दिया है। अभ्यर्थी 16 मई से 30 मई 2026 तक अपने आवेदन में जरूरी बदलाव कर सकेंगे। इस दौरान मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और पत्राचार का पता जैसी जानकारियां अपडेट की जा सकेंगी। आयोग का कहना है कि परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। एसआई भर्ती परीक्षा राज्य की सबसे चर्चित भर्तियों में से एक रही है। परीक्षा रद्द होने के बाद हजारों अभ्यर्थियों में निराशा थी, लेकिन अब नई तिथि घोषित होने से अभ्यर्थियों को राहत मिली है।

# नीट परीक्षा रद्द होने पर एनएसयूआई ने टायर जलाकर किया प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | हरिप्रसाद शर्मा

**अजमेर।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और परीक्षा रद्द किए जाने के विरोध में मंगलवार को अजमेर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टायर जलाकर अपना आक्रोश जताया ओर सड़क पर बैठ गए, जिससे कुछ देर के लिए जाम लग गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में युवा और छात्र मौजूद रहे।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित घारू ने बताया कि नीट परीक्षा से पहले ही पेपर लीक होने की आशंका जताई जा रही थी लेकिन सरकार और संबंधित एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं न कहीं इस पूरे मामले में प्रभावशाली लोगों और नेताओं की भूमिका रही है, जिसके कारण समय रहते कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि आखिरकार पेपर लीक की बात सामने आने के बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है। छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की थी, वहीं अभिभावकों ने अपने बच्चों को दूसरे शहरों और जिलों में परीक्षा दिलाने के लिए भेजा तथा आर्थिक बोझ भी उठाया। अब परीक्षा रद्द होने से विद्यार्थियों में निराशा और मानसिक तनाव का माहौल है।

अंकित घारू ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से युवाओं का सरकारी व्यवस्थाओं से विश्वास उठता जा रहा है। यदि समय रहते दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र संगठनों द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने और भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं को सुरक्षित एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित कराने की मांग की।

# नर्सेज दिवस पर 151 प्रतिभाएं सम्मानित, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पोस्टर का विमोचन

## रक्तदान शिविर में नर्सिंग स्टाफ ने दिखाया उत्साह, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा नर्सेज संगठन के बैनर तले जिला स्तरीय विश्व नर्सेज दिवस समारोह एमजीएच परिसर स्थित आईएमए हॉल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के पदचिह्नों पर चलने के संकल्प के साथ बीती शाम से शुरू हुआ उत्सव मंगलवार को मुख्य समारोह और सम्मान समारोह के साथ अपने चरम पर पहुंचा।

### विधायक बोले: नर्सिंग सेवा का पवित्र माध्यम

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि नर्सिंग पेशा केवल नौकरी नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम है। उन्होंने कहा, 'कोरोना महामारी के शुरुआती दौर में जब पूरा देश भयभीत था, तब राजस्थान के भीलवाड़ा ने संकट प्रबंधन की अद्भुत मिसाल पेश की। जब यहां अचानक केस बढ़े, तो प्रशासन ने रुथलेस कंटेनमेंट की नीति अपनाई। पूरे जिले में कर्फ्यू लगा दिया गया, सीमाओं को सील किया गया और घर घर जाकर गहन स्क्रीनिंग की गई। जिला प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य कर्मियों के शानदार समन्वय ने संक्रमण की चेन तोड़ दी। यह मॉडल केवल सरकारी सख्ती का नहीं, बल्कि जन भागीदारी का भी प्रतीक था। भीलवाड़ा ने सिखाया कि त्वरित निर्णय और अनुशासन से बड़े से बड़े संकट को मात दी जा सकती है। आज भी जब आपदा प्रबंधन की बात होती है, तो भीलवाड़ा का नाम गर्व के साथ लिया जाता है और मेरा सिर फख्र से ऊंचा हो जाता है।'




### 151 प्रतिभाओं का सम्मान, पोस्टर का विमोचन

समारोह में जिलेभर से चयनित 151 नर्सिंग कर्मियों को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में नर्सिंग स्टाफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इससे समाज को सकारात्मक संदेश गया। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन नर्सेज संगठन के संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज एवं जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने किया।

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने बताया धैर्य का महत्व

समारोह में ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा भाव के साथ आंतरिक शांति और धैर्य एक नर्स के पेशेवर जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नर्सिंगकर्मियों को तनावमुक्त रहकर सेवा करने की प्रेरणा दी।

इससे पूर्व मंगलवार सुबह महात्मा गांधी चिकित्सालय स्थित फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल टांक, भाजयुमो के कुलदीप शर्मा, बनवारी जी सोनी, एलएनजे ग्रुप ओएसडी रजनीश वर्मा, सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। मेवाड़ा ने नर्सेजकर्मियों का वेतन समय पर दिलाने, नर्सेज भवन उपलब्ध कराने और रिक्त पदों को भरवाने का आश्वासन दिया।

### ये रहे मौजूद

विशिष्ट अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. वर्षा सिंह, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार गौड़, एलएनजे ग्रुप ओएसडी रजनीश वर्मा, डॉ. शंकरलाल माली, बनवारीलाल सोनी, पूर्व नर्सिंग अधीक्षक दिनेश सोनी ने शिरकत की।

आरएनए मुख्य संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज, आरएनयू जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट, आरएनए जिलाध्यक्ष नारायण माली, राजेश लक्षकार, कमलेश शर्मा, नीरज औदिच्य, शंकरलाल पायक, सांवरमल सोनी, गिरिराज लढा, अमित व्यास, लालसिंह राठौड़, सिराज खान कायमखानी, निरंजन चम्पावत, ललित जीनगर, करण सिसोदिया, अंकित काबरा, दिनेश खटीक, कुलदीप जीनगर, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जैन, सत्यनारायण बिल्लू, राजकुमार शर्मा, चंद्रदेव आर्य, काशीराम नायक, रामजस चौधरी, सतीश शर्मा, रामदेव, सुनील पोरवाल, अंकित काबरा, दीपक डीडवानिया, पवन टेपन, पवन सेन, सुनील व्यास, , जयंत गोस्वामी, प्रशांत चतुर्वेदी सहित समस्त नर्सिंग स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# बजरी माफियों को पुलिस की लोकेशन देने पर तीन गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** अवैध बजरी खनन एवं परिवहन में संलिप्त, पुलिस की मोबाईल से लोकेशन रख बजरी माफीयाओ को मोबाईल से सुचना देने के मामले में बड़लियास पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन को लेकर माफियों को पुलिस कि लोकेशन देने के मामले में पुलिस ने बड़लियास थाना क्षेत्र के बड़लियास निवासी कालू लाल रेगर पिता छीतर रेगर जाति रेगर उम्र 38 साल, साजन



कालबेलिया पिता लादू नाथ जाति कालबेलिया उम्र 25 साल, खारों का खेड़ा निवासी मदन लाल गुर्जर पिता नन्द लाल जाति गुर्जर उम्र 28 साल को शांति भंग में गिरफ्तार किया गया । अवैध बजरी खनन/परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी है तथा पुलिस की लोकेशन रखने वाले गुप्स एयरटेल, श्री देव व दोवनी दरबार पर पुलिस द्वारा निगरानी रखी।

# म्यूल अकाउंट धारको के खिलाफ कार्यवाही, साइबर फ्रॉड में लिप्त दो अपराधी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा




भीमगंज पुलिस ने म्यूल अकाउंट धारको के खिलाफ कार्यवाही करते हुए साईबर फ्रॉड करने वालो को अपना खाता बेचान कर अपराध मे सहयोग करने वाले 2 आरोपी बाबुलाल खटीक व आशीष खोईवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के संदिग्ध खातो मे साईबर फ्रॉड के जरिये लाखो रूपयो का ट्रांजेक्शन भी मिला है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह यादव, के निर्देशानुसार म्यूल अकाउंट धारको की पहचान कर आरोपियो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए एएसपी पारसमल जैन एवं सज्जनसिह वृताधिकारी शहर के सुपरविजन मे थाना प्रभारी सुनिल चौधरी पुनि./ थानाधिकारी के नेतृत्व मे टीम का गठन किया। भीमगंज थाने पर म्यूल अकाउण्ट के माध्यम से साईबर फ्रॉड कर राशि अन्य खातो मे ट्रांसफर व पीओएस के माध्यम से प्राप्त करने सम्बन्धी शिकायतो की सूची प्राप्त हुई। सूची मे अंकित म्यूल खातो के विरूद्ध दर्ज शिकायतो का समन्वय पोर्टल पर अवलोकन किया तो खाताधारक बाबूलाल पिता गणपत लाल खटीक निवासी पंचमुखी कोलोनी, भीलवाडा थाना भीमगंज जिला भीलवाडा के राजस्थान ग्रामिण बैंक आजाद चौक भीलवाड़ा के खाता संख्या 83108675931 के विरूद्ध साईबर पोर्टल मे शिकायत संख्या 31304260025527ए 21303260018304, 31103260068512, 31903260067483, 32703260029502 व 33503260004546 हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, उतराखण्ड व राजस्थान राज्यो मे दर्ज होकर कुल 2,50,000 रूपये खाते मे स्थानान्तरण होना पाई गई। बैंक खाते से खाताधारको द्वारा इलेक्ट्रोनिक साधनो के माध्यम से आमजन के साथ साईबर धोखाधड़ी कर साईबर फ्रॉड की राशि अपने बैंक खातो मे प्राप्त कर उसे यूपीआई आईडी व पीओएस के माध्यम स्थानान्तरण व निकासी कर आम लोगो को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। जिस पर आईटी एक्ट मे दर्ज कर अनुसंधान सुनिल चौधरी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना भीमगंज ने प्रारम्भ किया । जिले मे खातो को बेचकर साईबर फ्रॉड करने की घटनाओ को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस टिम गठन किया और खाताधारको की सम्बन्धित बैंक से डिटेल प्राप्त की खाते मे स्थानान्तरण हुई राशि का अवलोकन किया गया। समन्वय पोर्टल पर खातो के विरूद्ध दर्ज शिकायतो मे स्थानान्तरण राशि व बैंक खातो मे स्थानान्तरण हुई राशि का मिलान किया गया। उक्त खातो मे लाखो रूपयो का ट्रांजेक्शन व विड्रो का विवरण पाये जाने पर खाताधारक बाबूलाल खटीक व सहयोगी आशीष खोईवाल को डिटेन कर गहनता व मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की तो आशीष व बाबुलाल द्वारा पैसो के लालच मे अपने खातो का बेचान करना पाया गया। साईबर फ्राड करने वाले अपराधियो द्वारा आमजन के साथ साईबर फ्रॉड कर फ्रॉड की राशि को इन बैंक खातों में ट्रांसफर कर एएटीएम, पीओएस के माध्यम से विड्रो व अन्य खातो मे स्थानान्तरण व निकासी करने मे इस्तेमाल किया । प्रकरण के सम्पूर्ण अनुसंधान से पाया गया है कि आरोपीगणो द्वारा बैंक मे खाता खुलवाकर बैंक डायरी, एटीएम कार्ड व मोबाईल की सिम फ्रॉड करने वालो को उपलब्ध करवाने के मामले में बाबूलाल पिता गणपत लाल खटीक उम्र 30 साल निवासी पंचमुखी कोलोनी, दादाबाड़ी भीलवाडा थाना भीमगंज जिला भीलवाडा व आशीष खोईवाल पुत्र भारत कुमार उम्र 22 साल निवासी पंचमुखी कोलोनी, दादाबाड़ी भीलवाडा थाना भीमगंज जिला भीलवाडा को गिरफ्तार किया ओर प्रकरण का विस्तृत अनुसंधान जारी है। जिनमे अन्य आरोपीगण की तलाश की जा रही है।

### पुलिस की विशेष अपील

जिला भीलवाड़ा के लोगो से अपील है कि पैसो के लालच व किसी भय के कारण अपना खाता किसी को उपलब्ध नही करावे। साइबर अपराध से सम्बन्धित गतिविधियो मे लिप्त अपराधियो की सुचना पुलिस को दे। सुचना देने वालो की पहचान गोपनीय रखी जावेगी।

# ज्वलंत समस्याओं को लेकर श्रमिक संगठनों में आक्रोश, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



मजदूरों एवं श्रमिक वर्ग की मांगों के संबंध में देश की सभी केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा देशभर में मजदूरों, कर्मचारियों और मेहनतकश जनता की ज्वलंत समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें इंटर यूनियन के जिला अध्यक्ष दीपक व्यास महामंत्री कान सिंह जलदाय यूनियन से कन्हैया लाल जी शर्मा भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवाणी टेक्सटाइल यूनियन के सोनू शर्मा गणेश लाल गहलोत नरेंद्र मराठा भेरूलाल तेली भागीरथ बबलू सिंह वशिष्ठ राजवीका जिला अध्यक्ष अनीता कंवर जिला बिल्डिंग वर्कर्स यूनियन से जोरा बानो मोतीलाल इंटक टेक्सटाइल श्रमिक गोपाल गुर्जर हरिप्रकाश जोशी मदन सिंह भोपाल जाट गणेश सालवी मनोहर लाल मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव कुलदीप सिंह आदि कई श्रमिकों ने मुखर्जी पार्क पर एकत्रित होकर रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया । आज देश का श्रमिक वर्ग बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, ठेका प्रथा, श्रम कानूनों में मजदूर विरोधी बदलाव तथा दमनकारी नीतियों से गंभीर संकट का सामना कर रहा है। मजदूरों की मेहनत से देश की अर्थव्यवस्था चलती है, लेकिन उन्हें सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्य-स्थल तक उपलब्ध नहीं हैं।

हम निम्नलिखित मांगों को तत्काल लागू करने की मांग करते हैं– गिरफ्तार किए गए सभी श्रमिकों और कार्यकर्ताओं की तत्काल एवं बिना शर्त रिहाई की जाए तथा सभी झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं। श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं को वापस लिया जाए तथा ट्रेड यूनियनों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता कर भारतीय श्रम सम्मेलन का आयोजन किया जाए। न्यूनतम वेतन कम से कम 26,000 रुपये प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाए। 8 घंटे का कार्यदिवस लागू किया जाए तथा अतिरिक्त कार्य के लिए दोगुना ओवरटाइम भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सभी श्रमिकों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल एवं वैधानिक श्रम अधिकार लागू किए जाएं। संविदा एवं ठेका श्रमिकों को समान काम के लिए समान वेतन और सभी सुविधाएं दी जाएं तथा नियमितीकरण किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण और श्रमिक विरोधी नीतियों पर रोक लगाई जाए।

आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण किया जाए तथा सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराई जाए। सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, ईएसआई और पीएफ की गारंटी दी जाए। लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करते हुए श्रमिक आंदोलनों पर दमन बंद किया जाए। अतः महामहिम से आग्रह है कि देश के करोड़ों मेहनतकश मजदूरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त मांगों पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वह तो सभी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र दिया गया।

# अभिरुचि शिविर बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यमः जितेंद्र रांगेय

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित श्री महेश पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग में सभी आयु वर्ग के बच्चों एवं महिलाओं के लिए अभिरुचि शिविर 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। श्री महेश सेवा समिति के निर्देशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा ने बताया कि अभिरुचि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि चीफ रिपोर्टर, दैनिक भास्कर जितेंद्र रांगेय सहित श्री महेश सेवा समिति के पदाधिकारियों व विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अभिरुचि शिविर प्रातः एवं सायंकालीन दोनों पारियों में संचालित हो रहा है।

जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचौलिया, उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा, सहसचिव प्रह्लाद राय हींगड़, कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती, संचालक सदस्य ओम प्रकाश मालू, केदारमल जागेटिया, दिलीप तोषनीवाल, सुरेश चंद्र काबरा, चंद्र प्रकाश काल्या, निर्देशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा व विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अभिरुचि शिविर में प्रातः पारी के अंतर्गत एरोबिक्स/जुम्बा, अंग्रेजी व हिंदी हैंडराईटिंग इंप्रूवमेंट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, जुडो-कराटे, डांस, क्रिकेट, स्केटिंग, शूटिंग, इंग्लिश ग्रामर एवं वोकेबलरी, वैदिक गणित, ड्रॉइंग, जिमनास्टिक्स, बैडमिंटन, कंप्यूटर, चेस, म्यूजिक, सोशल मीडिया मास्टरी, एंकरिंग तथा एआई एंड रोबोटिक्स जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया है। सायंकालीन पारी में म्यूजिक (वोकल एवं इंस्ट्रूमेंटल), टेक्सचरल आर्ट, हैंडराइटिंग इम्प्रूवमेंट एंड रीडिंग, एंकरिंग एंड मास कम्युनिकेशन, केक एवं कुकीज बेकिंग, हेयर स्टाइल, बेसिक मेकअप एवं साड़ी ड्रेपिंग, ज्वेलरी मेकिंग, डांस, रंगोली, ड्रॉइंग एंड स्केचिंग, पेपर आर्ट, स्पोकन इंग्लिश, पर्ल आर्ट, मेहंदी, फायरलेस कुकिंग, गिफ्ट रैपिंग, लिप्पन आर्ट, रेजिन आर्ट, चॉकलेट एवं आइसक्रीम मेकिंग तथा क्रिकेट जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रतिभाओं को विकसित करने एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि जितेंद्र रांगेय ने शिविर का अवलोकन करते हुए कहा कि अभिरुचि शिविर बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम है।

# बिजली कनेक्शन के नाम पर वसूली' का आरोप, मुख्य अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**5 से 10 हजार रुपए सुविधा शुल्क मांगने का आरोप, जोधड़ास की कॉलोनी को कभी 'इलेक्ट्रिफाइड' तो कभी 'अन-इलेक्ट्रिफाइड' बताने पर उठे सवाल**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** विद्युत कनेक्शन जारी करने में कथित भ्रष्टाचार और सुविधा शुल्क वसूली के आरोपों को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने विद्युत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संगठन ने जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य के नेतृत्व में एवीवीएनएल के मुख्य अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश महला को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कनेक्शन देने के नाम पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया।

ज्ञापन में बताया गया कि एवीवीएनएल ग्रामीण प्रथम के अंतर्गत आने वाले ग्राम जोधड़ास की एक निजी कॉलोनी में स्थाई विद्युत कनेक्शन जारी करने के बदले उपभोक्ताओं से 5 हजार से 10 हजार रुपए तक सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। आरोप है कि जो उपभोक्ता यह राशि देने में असमर्थ हैं, उन्हें कॉलोनी को 'अन-इलेक्ट्रिफाइड' बताकर स्थाई कनेक्शन देने से इनकार किया जा रहा है।



### पहले जारी किए स्थाई कनेक्शन, अब बता रहे अन-इलेक्ट्रिफाइड

संगठन ने ज्ञापन में दावा किया कि संबंधित कॉलोनी में विभाग पहले ही कई स्थाई बिजली कनेक्शन जारी कर चुका है। इसके प्रमाण स्वरूप संगठन ने के-नंबर, मीटर नंबर, बिजली बिल, कॉलोनी का नक्शा और भूखंड मालिकों के दस्तावेज भी विभाग को सौंपे।

साथ ही आरोप लगाया गया कि विभाग के लाइनमैन और कनिष्ठ अभियंता द्वारा उन उपभोक्ताओं की फाइलों में कॉलोनी को 'अन-इलेक्ट्रिफाइड' दर्शाया जा रहा है, जिन्होंने कथित सुविधा शुल्क नहीं दिया।

### '5 हजार नहीं दिए तो कनेक्शन रोका'

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कॉलोनी निवासी लाडू देवी पत्नी राकेश नायक ने स्थाई बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि विभाग के लाइनमैन ने उनसे 5 हजार रुपए सुविधा शुल्क मांगा। राशि देने में असमर्थता जताने पर कॉलोनी को 'विद्युतीकृत नहीं' बताते हुए स्थाई कनेक्शन जारी नहीं किया गया।

मामले की जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष रतनलाल आचार्य को मिलने पर उन्होंने संबंधित सहायक अभियंता से संपर्क किया, लेकिन संगठन का आरोप है कि अधिकारियों ने भी विरोधाभासी जानकारी देते हुए एक ही कॉलोनी को अलग-अलग जगह 'इलेक्ट्रिफाइड' और 'अन-इलेक्ट्रिफाइड' बताया।

### अस्थाई कनेक्शन देकर वसूली का आरोप

संगठन ने आरोप लगाया कि स्थाई कनेक्शन देने से इनकार कर उपभोक्ता को अस्थाई कनेक्शन जारी किया गया, जिसकी 13 हजार 750 रुपए की डिमांड राशि जमा करवाई गई, जबकि उसी कॉलोनी में पूर्व में स्थाई कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में मांग की गई कि यदि कॉलोनी वास्तव में 'अन-इलेक्ट्रिफाइड' थी, तो फिर वहां सरकारी धन खर्च कर बिजली पोल, तार और ट्रांसफार्मर लगाकर कनेक्शन कैसे जारी किए गए। संगठन ने आरोप लगाया कि इससे सरकार को लाखों रुपए की राजस्व हानि हुई है। संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने, अविद्युतीकृत कॉलोनियों का नियमानुसार विद्युतीकरण कराने तथा निर्धारित समय सीमा में स्थाई कनेक्शन जारी करने के लिए सभी सहायक अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देशित करने की मांग की।

### कई पदाधिकारी रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह झाला, जिला संरक्षक छोटूलाल अटारिया, नानूराम माली, जिला महासचिव मुकेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष महावीर सेन, युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक जोशी, युवा जिला महासचिव रजत माथुर, सोनू धोबी, सुरेश सुथार, राकेश नायक, लाडू देवी नायक, कमलेश कुमार शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मामले में संगठन ने एक ज्ञापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भीलवाड़ा को भी प्रेषित किया है।

# भीलवाड़ा में स्थापित होने वाले जिंक पार्क के लिए हिन्दुस्तान जिंक और ग्रुप निर्मल के बीच एमओयू

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।।** विश्व की अग्रणी जिंक और सिल्वर उत्पादक कंपनी, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने ग्रुप निर्मल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षण किये, इसके तहत राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के कांखला में स्थापित होने वाले जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में एक जिंक वायर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाया जाएगा। यह साझेदारी भारत में उच्च-मूल्य वाले औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के हिंदुस्तान जिंक के विजन का हिस्सा है। इस समझौते के तहत, ग्रुप निर्मल हिंदुस्तान जिंक के स्पेशल हाई ग्रेड जिंक का उपयोग कर ज़िंक वायर बनाएगा। इन जिंक वायर्स का उपयोग इंफ्रास्ट्रक्चर, रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोटिव और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में किया जाएगा। इन उत्पादों की आपूर्ति इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, ऑटोमोटिव और औद्योगिक इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में की जाएगी। जिंक वायर का मुख्य उपयोग थर्मल स्प्रे कोटिंग और मेटलाइजिंग में होता है, जो पुलों, रेलवे, ट्रांसमिशन टावरों और पोर्ट्स जैसे स्टील के ढांचों को जंग से बचाने के लिए बेहद जरूरी है। इससे बुनियादी ढांचे की उम्र बढ़ती है और रखरखाव का खर्च कम होता है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने दिसंबर 2024 में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान इस जिंक पार्क की घोषणा की थी। यह पार्क राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम, रीको के सहयोग से विकसित किया जा रहा है, ताकि जिंक से जुड़ी कंपनियों को कच्चा माल और बेहतर सुविधाएं एक ही जगह मिल सकें। हिन्दुस्तान ज़िंक एक विश्व-स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस हब की नींव स्थिरता, चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने पर आधारित होगी, और इसके साथ-साथ यह क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ और होल-टाइम डायरेक्टर, अरुण मिश्रा ने कहा कि, जिंक पार्क एक रणनीतिक पहल है जो भारत में जिंक आधारित उद्योगों के लिए एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी इकोसिस्टम बनाने के हमारे विजन को दर्शाती है। ग्रुप निर्मल के साथ एमओयू इस मंच पर बढ़ते भरोसे का प्रमाण है। जिंक वायर निर्माण जंग से सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। हमारा लख्य रिन्यूएबल एनर्जी और मजबूत सप्लाई चेन के जरिए घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को सशक्त बनाने का हैं। इसमें हिन्दुस्तान ज़िंक, ग्रुप निर्मल को कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। यह जिंक पार्क गैल्वनाइजिंग, डाई-कास्टिंग, जिंक ऑक्साइड और बैटरी सामग्री जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने की उम्मीद जगाता है। इससे न केवल औद्योगिक विकास होगा, बल्कि राजस्थान में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। विनिर्माण और औद्योगिक समाधानों में ग्रुप निर्मल की विशेषज्ञता जिंक पार्क के डाउनस्ट्रीम इकोसिस्टम को और मजबूत करेगी। इस सहयोग से परिचालन दक्षता बढ़ने और बुनियादी ढांचे तथा औद्योगिक क्षेत्रों में उन्नत जंग-रोधी समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलने की उम्मीद है। जिंक के बेहतरीन जंग-रोधी गुण इसे विश्व स्तर पर बुनियादी ढांचे की दीर्घकालिक मजबूती और स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बनाते हैं। जिंक-आधारित थर्मल स्प्रे कोटिंग्स इस्पात संरचनाओं की जीवन अवधि को काफी बढ़ा देती हैं, परिसंपत्ति की विश्वसनीयता में सुधार करती हैं और जीवनचक्र रखरखाव लागत को कम करती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत द्वारा बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, परिवहन और शहरी विकास में किए जा रहे निरंतर निवेश से ऐसे अनुप्रयोगों की मांग लगातार बढ़ रही है।

# सुबह 10 बजते ही झुलसाने लगी लू

**दोपहर में सूनी पड़ी सड़कें, लोग बोले-घरों से निकलना हुआ मुश्किल**

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ता जा रहा है।सुबह 10 बजे के बाद ही गर्म हवाओं का दौर शुरू हो जाता है,जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित होने लगा है।दोपहर होते-होते बाजारों और मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है तथा लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।कचोलिया निवासी किशन गुर्जर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।सुबह के समय कुछ राहत रहती है,लेकिन 10 बजते ही लू का कहर प्रचंड होने लगता है।दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण खेत पर



जाना तक मुश्किल हो रहा है।खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर सबसे ज्यादा परेशान हैं,जिन्हें मजबूरी में तपती धूप में काम करना पड़ रहा है।क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ने से कूलर और पंखे भी बेअसर साबित हो रहे हैं।कई जगहों पर लोग पेड़ों की छांव और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आ रहे हैं।गर्मी के कारण बाजारों में भी दिन के समय ग्राहकों की संख्या कम हो गई है।भीषण गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी दिखाई देने लगा है।

# नवीन न्यायालय परिसर के भूमि आवंटन को निरस्त करवाने की मांग, हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ

**आगामी दिनों में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों सहित स्थानीय नागरिकों से मांगा जायेगा समर्थन**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला एवं सत्र न्यायालय, भीलवाड़ा के नवीन न्यायालय परिसर हेतु किए गए भूमि आवंटन को निरस्त करवाने की मांग को लेकर जिला एव सत्र न्यायालय भीलवाड़ा में हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ हुआ। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एडवोकेट राकेश जैन ने बताया की व्यापक हस्ताक्षर अभियान में जिला एवं सत्र न्यायालय, भीलवाड़ा में नियमित रूप से प्रैक्टिसरत अधिवक्ताओं ने भारी संख्या में भाग लिया तथा लगभग 90 प्रतिशत अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित भूमि आवंटन के विरोध में प्रस्तुत याचिका पर हस्ताक्षर किए। अब तक 600 से अधिक हस्ताक्षर एकत्रित किए जा चुके हैं तथा शेष हस्ताक्षर भी शीघ्र एकत्रित किए जाएंगे। अधिवक्ता समुदाय का स्पष्ट मत है कि प्रस्तावित नवीन न्यायालय परिसर हेतु किया गया भूमि आवंटन जनभावनाओं, अधिवक्ताओं के हितों एवं न्यायिक आवश्यकताओं के सर्वथा विपरीत है। उक्त भूमि न केवल न्यायालयीन गतिविधियों एवं अधिवक्ताओं की सुविधाओं के दृष्टिगत अनुपयुक्त एवं अव्यवहारिक प्रतीत होती है, बल्कि संपूर्ण आवंटन प्रक्रिया भी अत्यंत गोपनीय, अपारदर्शी एवं एकपक्षीय तरीके से संपादित की गई है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर न तो जिला बार एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक आयोजित की गई, न कोई प्रस्ताव पारित किया गया और न ही अधिवक्ताओं से किसी प्रकार की राय, सहमति अथवा आपत्ति प्राप्त की गई। अधिवक्ता समुदाय को विश्वास में लिए बिना ही यह कार्यवाही पूर्ण कर ली गई, जिससे समस्त अधिवक्ताओं में गहरा रोष एवं असंतोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि नवीन आवंटित भूमि शहर से अत्यधिक दूर एवं बाहरी क्षेत्र में स्थित है, जहाँ वर्तमान में किसी प्रकार की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं। उक्त स्थान पर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पक्षकारों का पहुँचना



अत्यंत दुर्गम एवं असुविधाजनक होगा। वहाँ तक आवागमन के पर्याप्त एवं सीधे साधन उपलब्ध नहीं हैं तथा विभिन्न पुलिस थानों एवं प्रशासनिक कार्यालयों से भी उक्त स्थान की दूरी अत्यधिक है, जिससे न्यायिक कार्यवाहियों में अनावश्यक कठिनाइयाँ उत्पन्न होंगी। भीलवाड़ा जिला एवं सत्र न्यायालय में शाहपुरा, गंगापुर, बिजौलिया, गुलाबपुरा, आसींद सहित जिले के कोने-कोने से प्रतिदिन हजारों नागरिक विभिन्न न्यायालयीन कार्यों हेतु आते हैं। ऐसे में दूरस्थ एवं अविकसित क्षेत्र में न्यायालय परिसर स्थापित किया जाना आमजन के लिए न्याय तक पहुँच को और अधिक कठिन बना देगा। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि न्याय व्यवस्था की मूल भावना 'सुलभ एवं सस्ता न्याय' है, किन्तु प्रस्तावित स्थान पर न्यायालय स्थापित होने से आम नागरिकों के लिए न्याय प्राप्त करना आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अत्यंत कठिन हो जाएगा। अधिवक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश महोदय के भीलवाड़ा आगमन के दौरान स्वयं उनके द्वारा आश्चर्य व्यक्त किया गया की भीलवाड़ा के अधिवक्ताओं ने इतनी दूर भूमि पर आने के लिए तैयार कैसे हुए। भीलवाड़ा में न्यायालय परिसर हेतु आवंटित अधिवक्ताओं के लिए भूमि उपयुक्त नहीं है तथा अधिवक्ताओं की भावनाओं एवं सुविधाओं की अनदेखी कर किसी भी भूमि को स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद अधिवक्ता समुदाय की सहमति के बिना इस प्रकार का आवंटन किया जाना न्यायिक पारदर्शिता एवं संस्थागत मर्यादाओं के विपरीत है।

समस्त अधिवक्ताओं की मांग एवं व्यापक जनसमर्थन को देखते हुए यह हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद फरजन व विक्रम सिंह राठौड़ सहित अधिवक्ता समुदाय ने स्पष्ट किया है कि आगामी समय में इस विषय पर विधिक लड़ाई भी लड़ी जाएगी तथा प्रथम चरण में माननीय मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं माननीय मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय को विस्तृत अभ्यावेदन प्रेषित किए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री स्तर तक भी इस विषय को उठाया जाएगा तथा अधिवक्ताओं के हितों एवं आमजन की सुविधा की रक्षा हेतु प्रत्येक आवश्यक संवैधानिक एवं विधिक कार्यवाही की जाएगी। अधिवक्ताओं ने यह भी निर्णय लिया है कि आगामी दिनों में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों एवं भीलवाड़ा शहर के नागरिकों से भी इस जनहित विषय में समर्थन मांगा जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिला एवं सत्र न्यायालय केवल वकीलों का कार्यस्थल नहीं, बल्कि भीलवाड़ा शहर की न्यायिक आत्मा एवं आमजन के विश्वास का प्रमुख केंद्र है, जहाँ प्रतिदिन हजारों नागरिक अपने अधिकारों एवं न्याय की उम्मीद लेकर आते हैं। इसलिए यह संघर्ष केवल अधिवक्ताओं का नहीं, बल्कि समस्त भीलवाड़ा की जनता के अधिकारों एवं न्याय तक सुगम पहुँच की लड़ाई है।

# ढोसर में ग्राम रथ अभिमान के आयोजन के तहत प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी पहुंचे



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

दिनांक 12 मई को ग्राम पंचायत ढोसर में ग्राम रथ अभिमान के आयोजन के तहत प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं पुर्व विधायक देवीशंकर भूतडा द्वारा ग्रामीण जनता को राज्य सरकार की कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं गामीणो से अपील की कि राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले। अभियान में उप खण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, सहायक विकास अधिकारी एवं सभी विभागो के ब्लाक एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिला स्तरीय किसान मोर्चा से शंकर लाल जाट सांगवा एवं ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तरीय पदाधिकारी, ग्राम पंचायत प्रशासक एवं बड़ी संख्या में ग ग्रामीण पुरुष एवं महिला उपस्थत थे। सभी विभागो के अधिकारी अपने विभाग की योजनाओ की जानकारी दी गई एवं ग्रामीणो की समस्यायें सुनी गई।

# निर्दोष को जेल भेजने का परिणाम, कानपुर में पति को छुड़ाने के लिए 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी महिला

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** जब भी किसी के खिलाफ पुलिस में कोई रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है ,तो पुलिस निष्पक्ष विवेचना नहीं करती। वह पहले आरोपी से सौदेबाजी करती है और जब बात नहीं बनती तो निर्दोष होने के बाद भी दोषी साबित करते हुए संबंधित व्यक्ति को जेल भेज देती है। इसी आशय की घटना के परिणाम ने एक महिला को पुलिस कमिश्नर ऑफिस के पास बने 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़वा दिया। जानकारी के मुताबिक उसने ऐसा इसलिए किया ,क्योंकि उसके कथित निर्दोष पति को पास्को एक्ट के तहत जेल भेजा जा चुका है, जिसे छुड़ाने की मांग को लेकर ही महिला ने यह कदम उठाया। एडिशनल पुलिस कमिश्नर समेत कई अधिकारी महिला को टावर से नीचे उतर आने के लिए मनाते रहे लेकिन वह तैयार नहीं हुई। उसका कहना था कि जब तक उसके पति को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा ,तब तक वह टावर से नीचे नहीं उतरेगी। इस



स्थिति से समाचार लिखे जाने तक पुलिस में भीहड़कंप देखा गया।

यह महिला टावर पर चढ़ते ही चिल्लाने लगी कि मेरे पति को छोड़ दो नहीं तो यहां से कूदकर जान दे दूंगी। टॉवर पर महिला को देखकर आसपास काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

मौके पर पहुंचे स्टाफ ऑफिसर अमरनाथ यादव ने महिला को समझाने की कोशिश की ,जिस पर महिला ने कहा कि जब तक मेरे पति जेल से नही छूटेंगे तब तक मैं टॉवर से नहीं उतरूंगी। करीब आधे घंटे बाद अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा भी पहुंचे उन्होंने भी समझाने की कोशिश की। बोले- नीचे उतर जाओ लेकिन समाचार लिखे जाने तक अपनी बात पर पड़ी रही। यद्यपि पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ इस तरह की यह घटना पहले नहीं है इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं महानगर में हो चुकी हैं। अधिकांश पीडतों का यही आरोप है कि अगर किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो जाती हैतो पुलिस निर्दोष को भीअपना शिकार बनती है और जेल जाने से बचने के नाम पर पैसे की मांग करती है और जब वह मांग पूरी नहीं हो पाती तो वह कथित निर्दोष को भी दोषी साबित करते हुए जेल भेज देती है ,जबकि इसी बात का फायदा उठाकर बहुत से लोग पैसे के बल पर दोषी होने के बाद भी बच जाते हैं। कानपुर में पुलिस कमिश्नर ऑफिस के टावर पर चढ़ने वाली महिला रानी का भी मामला कुछ इसी तरह का होने का दावा किया गया है जिसमें उसके पति महेश को जेल भेजा गया था।

# सूरौठ के बंजारों के नंगला में 10 दिन से नहीं आ रहा नलों पानी

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

नगर पालिका सूरौठ के बंजारों के नंगला में पिछले 10 दिन से नलों में पानी नहीं आ रहा है। पेयजल समस्या से गुस्साए लोगों ने मंगलवार को खाली बर्तनों को लहरा कर विरोध प्रदर्शन किया तथा जलदाय विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। आक्रोशित महिलाओं ने सड़क पर खाली मटके फोड़ कर रोष जाहिर किया। पूर्व पार्षद दशरथ सिंह बंजारा, ललिता बंजारा, मनोज, राकेश, सरोज, कविता, अनोखी, गीतम, छोटा, निशा, पूरा देवी, भूरी देवी, ओमप्रकाश, रामकिशन, अर्जुन, गुड्डी देवी, फौजी, दर्शन सिंह सहित बंजारा समाज के काफी लोग एवं महिलाएं आम रास्ते में एकत्रित हुए तथा विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व पार्षद दशरथ सिंह बजारा एवं अन्य लोगों ने बताया कि बंजारों के नंगला के करीब ढाई सौ घरों में पिछले 10 दिन से नलों में पानी नहीं आ रहा है। जंलदाय विभाग की मोटर जल जाने के कारण पेयजल आपूर्ति बंद है तथा ग्रामीणों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जलदाय विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो मोटर ठीक करवाई गई और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। आरोप है कि कॉल भी अटेंड नहीं की जा रही है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने जिला कलेक्टर से पेयजल समस्या का अबिलंब समाधान करवाने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**झालावाड़।** आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिवस 'अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस' के अवसर पर मंगलवार को झालावाड़ में सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। रक्तकोष फाउंडेशन बूंदी के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय आयोजन समिति झालावाड़ और नर्सिंग ऑफिसर मानसिंह के विशेष प्रयासों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और चिकित्सा कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 28 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।



## कलक्टर व एसपी ने किया शुभारंभ:

शिविर का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़, जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार बुड़ानिया, मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. संजय पोरवाल, एमएस डॉ. अशोक शर्मा और झालरापाटन पीएमओ डॉ. सुधानंद ने फ्लोरेंस नाइटेंगल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों ने नर्सिंग ऑफिसर मानसिंह के इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।

## इन्होंने किया रक्तदान:

शिविर में सेवा भावना का परिचय देते हुए अस्फाक, गजेंद्र, वैभव, अरविंद, विजय कुमार मीणा, आकाश शर्मा, संजीव, विकास जैन, योगेश, भगवान सिंह, आदित्य चौरसिया, कैलाश, रविंद्र मीणा, सुमित्रा कुमारी, बादल सिंह, अंशु सुमन, मोहम्मद अनवर, कुलदीप शर्मा, पुष्पेंद्र, अनिता, तबस्सुम, अभिषेक, बहादुर सिंह धाकड़, कमल किशोर मीणा, सत्यनारायण, जितेंद्र और नरेंद्र कुमार सहित 28 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। एसआरजी ब्लड बैंक झालावाड़ की टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य संपादित किया।

## नौजवानों को दिया संदेश:

नर्सिंग ऑफिसर मानसिंह ने युवाओं को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि प्रत्येक स्वस्थ नौजवान को वर्ष में कम से कम दो से चार बार रक्तदान करना चाहिए ताकि आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके। इस दौरान रक्तकोष फाउंडेशन बूंदी के जिलाध्यक्ष रामलक्ष्मण मीणा ने मानसिंह के प्रयासों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में अरुण श्रृंगी, प्रवीण मीणा, मनोज मीणा, ललित गुर्जर और लोकेश मीणा का विशेष सहयोग रहा।

# नर्सेज अस्पताल की रीड की हड्डी- जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर शहर के जिला अध्यक्ष प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में न्यू ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया के बारे सतत नर्सिंग शिक्षा में विस्तार से बताया गया और ज्ञानवर्धक क्वीज भी रखीं गई जिसमें सैकड़ों नर्सिंग आंफिसर व नर्सिंग स्टूडेंट्स ने भाग लिया। अतिथियों द्वारा प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। पदम श्री डॉ यशदी इटालिया ने सिकल सेल एनीमिया के बारे में अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में करीब 12 00 नर्सिंग ऑफिसर एवं नर्सिंग स्टूडेंट उपस्थित थे। ऑडिटोरियम खचाखच भरा हुआ था। कई लोगों को सीट नहीं मिली के कारण खड़ा रहना पड़ा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद



मन्नालाल रावत, जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, अधीक्षक डॉ आर एल सुमन थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य संरक्षक सत्यवीर सिंह तंवर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रमेश मीणा, प्रदेश सचिव लालचंद ऐचरा व सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। अतिथि नर्सिंग अधीक्षक बिना चौधरी सत्य प्रभा, भगवान सिंह गहलोत, रतनलाल सोलंकी, जितेंद्र भटनागर, ओमप्रकाश सिसोदिया, डॉ रणजीत बेरवा, मिनाक्षी व्यास थी। सभी अतिथियों ने फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पुष्प माला अर्पित कर मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सचिव अभिषेक शर्मा, ललित किशोर पारगी, मुकेश मेघवाल, लोकेश आहरी व दीपक मेघवाल ने सभी अतिथियों को उपरणा ओढ़ाकर, पगड़ी पहनाकर, पुष्पगुच्छ अंबेडकर स्वागत एवं अभिनंदन नहीं किया। जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि रोगियों के पास सबसे ज्यादा समय नर्सेज रहती है। वह रोगियों की हर पीड़ा को अच्छी तरह से समझ सकती है। रोगियों के स्वस्थ होने में नर्सेज की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। नर्सेज अस्पताल की रीड की हड्डी हैं। इसके सेवा, समर्पण, सहानुभूति, आत्मीय व्यवहार और नर्सिंग केयर से रोगी स्वस्थ होकर अपने घर जाता है। सांसद मन्ना लाल रावत सिकल सेल एनीमिया के बारे में सरकार के विज़न पर प्रकाश डाला। सभी अतिथियों ने उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं के लिए 100 से अधिक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर,नर्सिंग ऑफिसर, एवं नर्सिंग स्टूडेंट को उपरणा ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह व प्रसंशा पत्र भेंटकर अभिनंदन किया। नवनियुक्त कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक चंद्र प्रकाश सिसोदिया एवं विश्वेश्वर त्रिवेदी को उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। सांसद मन्ना लाल रावत ने एसोसिएशन के अध्यक्ष व पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम के अंत में मसाल जलाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम की बागडोर प्रफुल्ल गांधी, मनीष भनात,शर्मिला माली, भावना जैन ने सम्भाल रखीं थीं।

# मेवाड़ में गुर्जर समाज के भवन एवं छात्रावास उद्घाटन समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

गुर्जर समाज 35 खेड़ा चोखला (मेवाड़), जिला उदयपुर द्वारा आयोजित गुर्जर भवन एवं छात्रावास उद्घाटन समारोह का तीन दिवसीय भव्य आयोजन मंगलवार से श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता के साथ प्रारंभ हुआ। 12 मई से 14 मई 2026 तक आयोजित इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

समारोह का शुभारंभ 12 मई को प्रातः 8 बजे विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर निकाली गई यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय और सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर कर दिया। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोषों के बीच निकली इस यात्रा में समाज के युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

गुर्जर भवन एवं छात्रावास के उद्घाटन को समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि छात्रावास निर्माण से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा तथा समाज में शिक्षा के स्तर को नई दिशा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा, संगठन और युवाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से ही संभव है तथा ऐसे भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा केंद्र बनेंगे।

समारोह में अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इनमें अखिल भारतीय गुर्जर महासभा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बच्चू सिंह, मान्दल विधायक उदयलाल भडाना, प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद तथा अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला) कामिनी गुर्जर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता और संगठनात्मक मजबूती को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

## 14 मई को होगा पूर्णाहुति कार्यक्रम

तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन 14 मई को पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें धार्मिक अनुष्ठानों के साथ समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने अधिकाधिक समाजबंधुओं से कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

# आईएसटीडी उदयपुर चैप्टर को राष्ट्रीय 'क्वालिटी परफॉर्मेंस अवार्ड' से नवाजा

## मैसूर में आयोजित नेशनल एग्जीक्यूटिव मीट में वर्ष 2024-26 के लिए किया गया सम्मानित

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

इंडियन सोसाइटी ऑफ ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) के उदयपुर चैप्टर को वर्ष 2024-26 के लिए प्रतिष्ठित 'क्वालिटी परफॉर्मेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मैसूर में आयोजित आईएसटीडी की नेशनल एग्जीक्यूटिव मीट में प्रदान किया गया। यह सम्मान प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में चैप्टर के निरंतर योगदान और राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर चैप्टर के चेयरमैन विद्या विनोद



नंदावत और महासचिव डॉ. कमल सिंह राठौड़ ने कहा, 'यह उपलब्धि हमारे सभी कार्यकारिणी सदस्यों और स्वयंसेवकों के समर्पण और टीम वर्क का परिणाम है। हम इस सम्मान से अभिभूत हैं और आईएसटीडी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

चैप्टर के नेशनल एग्जीक्यूटिव सदस्य डॉ. वी. नरेंद्रन और डॉ. राजेश्वरी नरेंद्रन ने बताया कि उदयपुर चैप्टर को पहले भी सात बार देश का 'सर्वश्रेष्ठ चैप्टर' चुना जा चुका है। उदयपुर चैप्टर ने पिछले वर्ष उदयपुर में आईएसटीडी की नेशनल एग्जीक्यूटिव और जनरल बॉडी मीटिंग का सफल आयोजन भी किया था।

पुरस्कार समारोह के उदयपुर अभिनंदन में डॉ. पीएस सोलंकी, प्रणय जानी, किशोर कटेजा, अनुरोध प्रशांत, डॉ. पुरुषोत्तम पालीवाल, राजेन्द्र कुमार सिंघवी और डॉ. अशोक जेतावत सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि आईएसटीडी उदयपुर चैप्टर कार्यशालाओं, सम्मेलनों और पेशेवर नेटवर्किंग के माध्यम से क्षेत्र में प्रशिक्षण, सीखने और विकास की उत्कृष्ट प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है।

# सद्गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर ही जीवन की उलझनों से मुक्ति सम्भव-सन्त ग्यारसीलाल

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

मुणपुरा ग्राम में निरंकारी सत्संग का आयोजन विशेष सत्संग के रुप मे महात्मा दुर्गालाल जी के आवास पर किया गया। सत्संग का आयोजन भीलवाड़ा मुखी व ब्रह्मज्ञानी महात्मा ग्यारसीलाल जी के सानिध्य में हुआ जिसमें उन्होंने साध संगत को संबोधित करते हुए सत्गुरु की महिमा का वर्णन किया। महात्मा ग्यारसीलाल जी ने कहा कि सत्गुरु वह है जो सत्य का बोध कराकर तत्वज्ञान प्रदान करता है और मन के सभी भ्रम दूर करता है। उन्होंने बताया कि सत्गुरु न केवल सही मार्ग दिखाता है, बल्कि भटकी हुई आत्मा को मंजिल तक पहुंचाने का कार्य भी करता है। उनके अनुसार, सद्गुरु सर्व समर्थवान होता है और उसके समान कोई दूसरा दाता नहीं होता।

सत्संग में उन्होंने समझाया कि जब भक्त सत्गुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर उसी मार्ग पर चलता है, तभी उसके जीवन की उलझनें दूर होती हैं। प्रभु परमात्मा की असीम शक्ति से जुड़ने पर भक्त के जीवन में विशालता, विनम्रता और प्रेम की भावना का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि भक्ति का प्रभाव व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ पूरे समाज पर भी सकारात्मक असर डालता है।सत्संग के दौरान महात्मा ग्यारसीलाल जी ने उपस्थित साध-संगत को वचनों स्वरूप आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की ।

# चेतना शर्मा को विद्या वाचस्पित की उपाधि

स्मार्ट हलचल| उदयपुर




स्वामी केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा उदयपुर की सुश्री चेतना शर्मा, पुत्री डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा को कृषि शस्य विज्ञान विषय में विद्या वाचस्पित (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई। चेतना शर्मा को यह उपाधि 'शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र में सिंचित बाजरा की उत्पादकता पर जस्ता और लोहे का प्रभाव एवं उत्तरवर्ती सरसों पर इसके अवशिष्ट प्रभाव' विषय पर किए गए शोध कार्य के लिए प्रदान की गई।

# लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंची राजस्थान की महिला व पुरुष लेक्रोजे टीम

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर में आयोजित तृतीय फेडरेशन कप लेक्रोज प्रतियोगिता में राजस्थान की महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने शानदार और दमदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरे वर्ष फाइनल में प्रवेश कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों में राजस्थान के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय देते हुए सभी को प्रभावित किया।




महिला वर्ग में राजस्थान टीम ने लीग चरण से ही अपना दबदबा बनाए रखा। टीम ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में असम को पराजित किया तथा सेमीफाइनल में मजबूत महाराष्ट्र टीम को हराकर शानदार अंदाज में फाइनल में प्रवेश किया। अब महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले में राजस्थान का सामना हरियाणा से होगा। वहीं पुरुष वर्ग में भी राजस्थान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ तथा सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को एकतरफा मुकाबले में मात देकर लगातार तीसरी बार फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। पुरुष वर्ग में राजस्थान का मुकाबला गुजरात और हरियाणा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

राजस्थान टीम की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे प्रशिक्षक नीरज बत्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके कुशल प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में राजस्थान की टीम पिछले दो वर्षों से फेडरेशन कप खिताब अपने नाम करती आ रही है और इस बार भी खिताब बचाने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार तालमेल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। महिला वर्ग में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनीता मीणा, डाली गमेती, मीरा दौजा, जुला कुमारी गुर्जर, विशाखा मेघवाल, यशिष्ठा बत्रा, यशोदा गमेती, रोशनी बोस एवं जानवी राठौड़ ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं पुरुष वर्ग में मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती, निशांत नागदा एवं नारायण लाल गमेती जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से विरोधी टीमों पर दबाव बनाए रखा और राजस्थान को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

राजस्थान की दोनों टीमों के लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने से प्रदेश के खेल जगत में खुशी की लहर है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों एवं प्रदेशवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए फाइनल मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# एक ही छत के नीचे अब सम्पूर्ण वित्तीय सेवाएं : निंबाहेड़ा में 'सारथी वैल्थ केयर' का शुभारंभ

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने किया लोकार्पण, निवेश, बीमा, ऋण एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी सभी सेवाएं अब एक ही स्थान पर उपलब्ध

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** आर्थिक सुरक्षा, भविष्य की सुनियोजित तैयारी एवं भरोसेमंद वित्तीय परामर्श के उद्देश्य को लेकर उदयपुर की प्रतिष्ठित वित्तीय सेवा कम्पनी फिनब्रेला के बिज़नेस एसोसिएट पार्टनर के रूप में 'सारथी वैल्थ केयर' का शुभारंभ सोमवार को निंबाहेड़ा में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। नगर के पेच एरिया परिसर में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने रिबन काटकर एवं योजना से संबंधित आकर्षक पोस्टर का औपचारिक विमोचन कर 'सारथी वैल्थ केयर' की सेवाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने इस पहल को क्षेत्र के लिए उपयोगी एवं जनहितकारी बताया।

इस अवसर पर सारथी वैल्थ केयर के संचालक फैसल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार एवं भविष्य की आर्थिक सुरक्षा को लेकर सजग है। ऐसे में 'सारथी वैल्थ केयर' के माध्यम से लोगों को एक ही छत के नीचे संपूर्ण वित्तीय समाधान उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे उन्हें विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित निवेश, बेहतर रिटर्न,



विश्वसनीय बीमा योजनाएं एवं भविष्य के लिए सुनियोजित आर्थिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। संस्था द्वारा ग्राहकों की आवश्यकता के अनुरूप अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से व्यक्तिगत वित्तीय परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। 'सारथी वैल्थ केयर' में म्यूचुअल फंड निवेश, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा, सामान्य बीमा, वाहन बीमा, कार एवं दोपहिया बीमा, गृह बीमा, अग्नि एवं चोरी बीमा, साइबर बीमा, लायबिलिटी बीमा, धन बीमा, कर्मचारी क्षतिपूर्ति पॉलिसी, वर्कमैन कम्पनसेशन पॉलिसी सहित अनेक प्रकार की सुरक्षा योजनाएं उपलब्ध रहेंगी।

इसके अतिरिक्त गृह ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, व्यवसाय ऋण, कर बचत योजनाएं, सेवानिवृत्ति योजनाएं, बॉन्ड एवं निवेश परामर्श जैसी सुविधाएं भी ग्राहकों को प्रदान की जाएंगी। संस्था का उद्देश्य लोगों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाते हुए उनके भविष्य को सुदृढ़ करना है।

सारथी वैल्थ केयर की वित्तीय सेवाएं ग्राहकों को अपने फिनब्रेला नेटवर्क के साथ सम्पूर्ण राजस्थान एवं आउट ऑफ स्टेट में भी मिलेगी। वित्तीय सलाह परामर्श एवं सारथी वैल्थ केयर की सेवाएं प्राप्त करने के लिए मोबाइल नं. 7737675202 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की आधुनिक एवं व्यवस्थित वित्तीय सेवाएं क्षेत्र के व्यापारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। सारथी वैल्थ केयर उद्घाटन अवसर पर जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रवि प्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्ष मनोज पारख, उपाध्यक्ष ज़की अहमद गुड्डा,सूर्य प्रकाश मालू, कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण एवं युवा उपस्थत रहे।

# कोटड़ी थाना अधिकारी महावीर मीणा की पहल पर बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्मार्ट हलचल |कोटड़ी

कस्बे के सरबती गाड़ोदिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव व राजस्थान पुलिस के निर्देश पर थाना अधिकारी महावीर मीणा के द्वारा बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानून, आत्मरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना रहा।कार्यक्रम में बालिकाओं को पोक्सो एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, यौन शोषण एवं छेड़छाड़ से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

वक्ताओं ने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बिना डर अपनी बात सामने रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सशक्तिकरण, आत्म सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया।

# जिला कलक्टर ने ग्रामीणों का किया आव्हान, योजनाओं की जानकारी से उठाएं अधिकाधिक लाभ

## नुक्कड़ नाटकों और सीधे संवाद से घर-घर पहुंच रहीं जन-कल्याणकारी योजनाएं

स्मार्ट हलचल|बूंदी

आमजन को राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा 'ग्राम रथ' मंगलवार को नैनवां पंचायत समिति की गंभीरा ग्राम पंचायत पहुंचा। कार्यक्रम में जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने शिरकत कर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला कलक्टर ने कहा कि 'ग्राम रथ' का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अन्नदाता किसान, युवा, मातृशक्ति और आमजन के लिए कई बेहतरीन योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा, कि इन योजनाओं का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि आपको सशक्त बनाना है, इसलिए इनका लाभ उठाएं।

कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों के अभाव अभियोग भी सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का त्वरित समाधान कर राहत पहुंचाई जावे।

ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को अवरूद्ध नाला ठीक करवाने, स्कूल भवन निर्माण कार्य शीघ शुरू करवाने, उप स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा खराब हैंडपंप ठीक करवाने संबंधी समस्याएं रखी। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाई जाएगी। स्थानीय भाषा में नुक्कड़ नाटक रहा आकर्षण का केंद्र योजनाओं की जटिल प्रक्रियाओं को आसानी से समझाने के लिए कला का भी बेहतरीन उपयोग किया जा रहा हैं। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों के दल ने ठेठ स्थानीय भाषा में एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी रोचक और सहज अंदाज में दी। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी नैनवां भागचदं रैगर, तसीलदार नैनवां रामराय मीणा, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# कोटा रेलवे स्टेशन पर संयुक्त अभियान में 15 किलो से अधिक अफीम डोडाचूरा जब्त

## राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त गस्त में एक आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|कोटा

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कोटा एवं रेलवे सुरक्षा बल की अपराध विशेष खुफिया शाखा, कोटा द्वारा रेलवे स्टेशन कोटा पर संयुक्त गस्त एवं चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति से 15 किलो 800.88 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा जब्त किया गया तथा आरोपी को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि जीआरपी कोटा थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक श्री गुलजारीलाल अपने स्टाफ सहित तथा रेलवे सुरक्षा बल, अपराध विशेष खुफिया शाखा, कोटा के सहायक उप निरीक्षक श्री चंदन सिंह अपने स्टाफ सहित, संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन कोटा पर गस्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 2 के उत्तरी छोर, सवाई माधोपुर की ओर, एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी में उक्त व्यक्ति के पास मौजूद पिट्ठू बैग में अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडाचूरा – वजन 15 किलो 800.88 ग्राम, अनुमानित मूल्य लगभग 2,00,000 रुपये



– बरामद हुआ। आरोपी की पहचान वरुण पाल,निवासी मधुबन (बिहार) के रूप में की गई। पूछताछ के उपरांत आरोपी वरुण पाल के विरुद्ध जीआरपी थाना कोटा में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। रेलवे प्रशासन इस प्रकार की संयुक्त सुरक्षा चेकिंग के माध्यम से रेल परिसर को नशामुक्त एवं सुरक्षित रखने के प्रति प्रतिबद्ध है। यात्रियों से अपील की जाती है कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु की जानकारी हो, तो तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या जीआरपी को सूचित करें।

# अवैध मादक पदार्थ तस्कर को न्यायालय ने सुनाया 4 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** अपर जिला व सेशन न्यायालय , विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस एक्ट भवानीमंडी ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को 4 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

मामले का संक्षिप्त विवरण देते हुए अप्रलोक अभियोजक हेमराज शर्मा ने बताया कि दिनांक 14 जून 2024 को थानाधिकारी भवानीमंडी रमेशचंद मीणा मय जाब्ता गश्त पर थे। इसी दौरान मौजा जुल्मी तिराहा, पिपलिया क्षेत्र में आरोपी रोड सिंह पुत्र पूर सिंह, उम्र 56 साल, निवासी बोरबंद, थाना रायपुर को मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस पर प्लास्टिक की थैली में 1 किलो 970 ग्राम अवैध गांजा परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के पास गांजे के परिवहन का कोई वैध अनुज्ञा पत्र नहीं था।

माननीय न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आरोपी रोड सिंह को स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8/20 के तहत दोषी पाया।

न्यायालय ने आरोपी को 4 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1,00,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

# आरजीएचएस योजना पर कुठाराघात के खिलाफ राज्यभर में कर्मचारियो ने जलाया चिकित्सा मंत्री का पुतला

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आरजीएचएस योजना मे इलाज बंद होने एवं योजना को इंश्योरेंस मोड़ पर देने के विरोध में मंगलवार को राज्य के समस्त जिला मुख्यालयों पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया गया।

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा तथा महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि राज्य सरकार आरजीएस योजना में खर्च बढ़ाने के नाम पर इस योजना को इंश्योरेंस मोड पर देना चाह रही है वहीं दूसरी ओर विभिन्न निजी चिकित्सा संस्थान अपने 2200 करोड रुपए बकाया होने के नाम पर कर्मचारियों का इलाज नहीं कर रहे हैं।

प्रदेश में 25 मार्च से दवाइयां बंद है तथा 14 अप्रैल से निजी



चिकित्सालय द्वारा आईपीडी तथा अन्य इलाज भी पूरी तरह बंद कर दिया गया हैद्य जिसके कारण प्रदेश के हजारों कर्मचारी जो गंभीर बीमारियों से पीड़ित है वह अपने जेब से पैसा खर्च कर इलाज करने को विवश है, पिछले एक माह में लगभग 200 करोड रुपए कर्मचारियों की जेब से खर्च हो चुके हैं।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के कर्मचारी आरजीएचएस योजना के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। महासंघ के जयपुर जिला अध्यक्ष महेंद्र तिवारी एवं जिला मंत्री रतन प्रजापत ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों के चिकित्सा अधिकारो के लिए वरदान रूपी आरजीएचएस योजना पर शासन एवं सरकार द्वारा निरंतर हमले किए जा रहे हैं द्य कुछ भ्रष्ट निजी चिकित्सा संस्थानों के द्वारा की जा रही सरकारी धन की लूट पर अंकुश लगाने में विफल चिकित्सा विभाग कर्मचारियों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं में कटौती करने एवं इस योजना को इंश्योरेंस मोड पर देने को आमादा है। इन सब परिस्थितियों के दृष्टिगत आरजीएचएस योजना की सुरक्षा तथा संवेदनहीन सरकार की निद्रा खोलने के लिए महासंघ के द्वारा प्रदेश व्यापी चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया गया है द्य कर्मचारियों के चिकित्सा संबंधी हित एवं अधिकारों की सुरक्षा के लिए आंदोलन के महत्वपूर्ण चरण में आज प्रत्येक जिला मुख्यालय पर चिकित्सा मंत्री का पुतला दहन किया गया । इसी क्रम में 15 मई से 25 मई तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का प्रत्येक राजकीय दौरे के दौरान महासंघ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, 28 मई, 2026 को राजधानी जयपुर में माननीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री का घेराव किया जाएगा और विशाल विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

जयपुर जिले में जिला अध्यक्ष महेंद्र तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया।

# बूंदी जिले में हुआ 92 वां नेत्रदान

स्मार्ट हलचल|बूंदी

रॉयल सिटी,देवपुरा निवासी निर्मल खिलवानी का सोमवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। निर्मल खिलवानी की पत्नी वीणा से नेत्रदान करवाने के बारे में समझाइश की, समझाइश के बाद वीणा खिलवानी अपने पति निर्मल खिलवानी के नेत्रदान के लिए सहमति प्रदान कर दी।

सहमति मिलने के बाद आई बैंक सोसायटी के बीबीजे चैप्टर के समन्वयक एवं तकनीशियन डॉ. कुलवंत गौड़ ने ज्योति मित्र इदरीस बोहरा के सहयोग से परिजनों की उपस्थिति में नेत्रदान की प्रक्रिया सम्पन्न करवाई। ज्योति मित्र इदरीस बोहरा ने बताया कि बूंदी जिले में यह 92 वां नेत्रदान है, जो समाज में जागरूकता और मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण है। उन्होंने



कहा कि नेत्रदान से दृष्टिबाधित लोगों को नई रोशनी मिलती है।

डॉ. कुलवंत गौड़ ने बताया कि गर्मियों के मौसम में मृत्यु के छह घंटे के भीतर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक होता है। इसके लिए दिवंगत की आंखों को पूरी तरह बंद कर उन पर गीली पट्टी रखना चाहिए, जिससे कॉर्निया सुरक्षित-रहता है और नेत्रदान संभव हो पाता है।

# कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए थाना अधिकारी ने किया संवाद



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भवानी मंडी कस्बे में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने पत्रकारों से संवाद किथाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने भवानी मंडी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पत्रकारों से संवाद करते हुए उनके विचार जाने शहर में और कहां-कहां किस तरह कानून व्यवस्था बेहतर हो सकती है इस बारे में विस्तृत चर्चा की तथा थाना अधिकारी ने संवेदनशील मामलों में पत्रकारों से संयमित भाषा में कवरेज करने की सलाह दी इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम काला, जगदीश पोरवाल, रणवीर सिंह चौहान भंवर सिंह कुशवाहा, लोकेश मकवाना, हेमंत जायसवाल वसीम अकरम आदि उपस्थित थे।

# एनएचएम आयुष मेडिकल ऑफिसर भर्ती में अनियमितताओं का आरोप

## शहीद स्मारक पर डॉक्टरों का धरना

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की आयुष मेडिकल ऑफिसर भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और तकनीकी खामियों के विरोध में मंगलवार को राजधानी जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सकों एवं अभ्यर्थियों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से निष्पक्ष समाधान की मांग की।

धरने के दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में अपनाई गई चयन प्रणाली से कई योग्य उम्मीदवारों को



नुकसान हुआ है। उनका आरोप है कि अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों के प्रश्नपत्रों का कठिनाई स्तर समान नहीं होने के बावजूद एक ही चयन प्रक्रिया लागू की गई, जिससे परिणाम प्रभावित हुए। अभ्यर्थियों का कहना है कि इस संबंध में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पहले ही विभाग को संभावित समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन इसके बावजूद उचित व्यवस्था नहीं की गई।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि परीक्षा एक ही पारी में आयोजित होने के कारण नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया लागू नहीं हो सकी। साथ ही विभिन्न पद्धतियों में अलग-अलग प्रश्न हटाए जाने से अंकों में असंतुलन उत्पन्न हुआ, जिससे हजारों होम्योपैथी और यूनानी अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। अभ्यर्थियों के अनुसार करीब 6 प्रतिशत तक अंक प्रभावित होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

धरना दे रहे अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग की कि भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा कर पद्धतिवार पद वर्गीकरण लागू किया जाए, ताकि सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सके। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों और अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आमरण अनशन शुरू किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण भी ली जाएगी। साथ ही प्रदेशभर में जिला स्तर पर भी विरोध-प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे।

# नीमखेड़ा में मोबाइल नेटवर्क की समस्या, टावर लगाने की मांग

## ग्राम पंचायत तलवास व समाजसेवी मूलचंद शर्मा ने लिखा पत्र, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी की अपील

स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिले में ग्राम पंचायत तलवास के नीमखेड़ा गांव में मोबाइल कनेक्टिविटी न होने से ग्रामीण परेशान हैं। इस समस्या को लेकर सरपंच ने 27.11.2024 को जिला दूरसंचार अधिकारी, बूंदी को पत्र लिखा है।

पत्र में बताया कि तलवास पंचायत का बड़ा गांव नीमखेड़ा होने के बावजूद यहां मोबाइल टावर नहीं है। आसपास के अन्य गांवों को भी नेटवर्क की समस्या झेलनी पड़ रही है। सरपंच ने बीएसएनएल का टावर लगवाकर क्षेत्र के नागरिकों की कनेक्टिविटी की सुविधा बहाल करने की मांग की है।

वहीं समाजसेवी मूलचंद शर्मा ने 10.12.2024 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भेजकर आंतरी क्षेत्र में नेटवर्क समस्या के समाधान



हेतु नीमखेड़ा में बीएसएनएल टावर स्वीकृत कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले भी यह प्रमुख मांग थी और समाधान का आश्वासन दिया गया था। अब टावर लगने से ही समस्या हल होगी।

इस समस्या का अभी तक समाधान नहीं होने से मूलचंद शर्मा द्वारा पुनः ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष व जे.पी.मीणा, जिला दूरसंचार अधिकारी, बूंदी से आग्रह कर समाधान करवाने का अनुरोध किया गया है।

# कार और डम्पर की भिड़ंत में कार सवार की मौके पर ही मौत

स्मार्ट हलचल|लाखेरी

देहीखेड़ा क्षेत्र से गुजर रहें कोटा दौसा मेगा हाइवे पर देहीखेडा के आगे आडा गेला पेट्रोल पम्प के निकट मंगलवार दोपहर को डम्पर और कार की भिड़ंत में कार सवार एक जने की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक कापरेन की ओर जा रहा था, ओर कार लाखेरी की ओर जा रही थी। इस दौरान आडा गेला पेट्रोल पंप के निकट अनियंत्रित होकर भिड़ गए। सुचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची देईखेडा थाना पुलिस ने घायल कार सवार को अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी धारा सिंह ने बताया की शव की शिनाख्त में पहचान राजेश कुमार मीणा पुत्र जनसी लाल उम्र 48 वर्ष निवासी रहमानपुरा तहसील उनियारा टोंक के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सुचना दी। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की।

# गीता मेघवाल के समर्थन में उतरा मेघवाल समाज

स्मार्ट हलचल|कोटा



सिमलिया कस्बे में सड़क और नाले पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को सरकार द्वारा हटाए जाने की कार्यवाही को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों ने आज स्थानीय जिला परिषद सदस्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमलिया की अध्यक्ष गीता मेघवाल एडवोकेट का पुतला जलाकर मेघवाल समाज की जनप्रतिनिधि और ब्लॉक अध्यक्ष का अपमान कियाऔर सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल किया है जिसे मेघवाल समाज कभी सहन नहीं करेगा तथा पुतला जलाने वालों असामाजिक तत्वों की मेघवाल समाज कड़ी निंदा करता है क्योंकि अतिक्रमण हटाना नाले की सफाई करना सरकार का काम है और स्थानीय प्रशासन और वर्तमान सरकार के द्वारा उक्त कार्यवाही की जा रही है जिसमें गीता मेघवाल का कोई रोल नहीं है इसके बावजूद भी समाज की जनप्रतिनिधि को झूठे तौर पर बदनाम किया है गया है जिसका जवाब मेघवाल समाज आने वाले समय में देगा और जरूरत पड़ी तो कानूनी कार्यवाही करने के लिए भी तैयार रहेगा।राम कैलाश मेघवाल महेंद्र मेघवाल राकेश मेघवाल भुवनेश मेघवाल सूरज मेघवाल जगदीश प्रसाद मेघवाल, पवन मेघवाल, दुर्गाशंकर ,मेघवाल विमल मेघवाल, मोहनलाल मेघवाल ,चंद्रप्रकाश मेघवाल, बजरंगलाल , हजारीलाल,रविशंकर, किशन मेघवाल रामदेव मेघवाल सहित कई समाज बंधुओं ने रोष जताया।

# प्रतापपुरा में भक्ति की बयारः भावविभोर हुए श्रद्धालु

स्मार्ट हलचल

**प्रतापपुरा (छोटी सादड़ी)** । निकटवर्ती ग्राम प्रतापपुरा स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय भव्य 'श्री राम कथा' एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आठवें दिन भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के आठवें दिन सीता हरण, राम- हनुमान मिलन और हनुमान जी के लंका प्रवेश के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भावपूर्ण प्रसंगों की जीवंत झांकियां कथा के दौरान जब कथावाचक ने रावण द्वारा माता सीता के कपट पूर्वक हरण का प्रसंग सुनाया, तो पंडाल में सन्नाटा पसर गया और श्रद्धालु भावुक हो उठे। इसके पश्चात, प्रभु श्री राम की व्याकुलता और ऋष्यमूक पर्वत पर



उनके परम भक्त हनुमान से मिलन के दृश्य को भव्य झांकी के माध्यम से जीवंत किया गया। नन्हे कलाकारों ने श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। हनुमान जी द्वारा प्रभु के चरणों में शीश नवाने और राम जी के उन्हें गले लगाने के दृश्य पर श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की और 'जय श्री राम' के जयकारों से आसमान गुंजायमान कर दिया। हनुमान जी का लंका प्रवेश और भक्ति की शक्ति कथा के अगले चरण में हनुमान जी के समुद्र लांघने और लंका प्रवेश के प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया। हनुमान जी द्वारा लंका में माता सीता की खोज और उनके पराक्रम को देख भक्त झूम उठे।

# हजरत मौलाना जियाउद्दीन साहब का 217 वां उर्स परवान पर

स्मार्ट हलचल

चार दरवाजा स्थित दरगाह हजरत मौलाना जियाउद्दीन साहब रहमतुल्लाह अलैह हुसैनी उल हसनी फखरी निजामी चिश्ती शाहे विलायते जयपुर के 217 वें उर्स के मुबारक पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आदर्श नगर विधानसभा की जानिब से बड़े ही एहतराम के साथ चादर पेश की गई।

### मंजरः अकीदत से दुआ में उठे हाथ

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जनाब हमीद



खान मेवाती ने दरगाह में चादर पेश कर मुल्क और प्रदेश में अमन, चैन, भाईचारा, सौहार्द बना रहे और देश तरक्की करे - इसकी दुआ मांगी।

### दस्तारबंदीः रूहानी रस्म का एहतराम

सज्जादानशीन मूतावल्ली सैयद ज़ियाउद्दीन जियाई उर्फ ज़िया मियां और सैयद मोहिउद्दीन उर्फ मोईन मियां ने प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती व आए हुए सभी जायरिनों - भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं - की दस्तारबंदी की। पगड़ी बांधकर मेहमान नवाजी की रस्म अदा की गई।

### शिरकतः मोर्चा के सिपाही, एक साथ दुआ में शामिल

इस मुबारक मौके पर भाजपा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट जंग बहादुर पठान, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फरीदुद्दीन जैकी, अब्दुल सलीम प्रदेश सदस्य, जयपुर शहर महामंत्री एम. परवेज खान, वहीद खान मंडल उपाध्यक्ष, नदीम अंसारी जिला मंत्री, हाजी जमालुद्दीन जिला कोषाध्यक्ष, हाजी मो. सलीम हस्सानी पार्षद प्रत्याशी, फुरकान खान सूरज पोल मंडल अध्यक्ष, फैसल खान मंडल महामंत्री, हाजी इब्राहिम वार्ड 8 3 अध्यक्ष, इस्लामुद्दीन अब्बासी, असलम खान पौंड्रिक मंडल अध्यक्ष, मोहम्मद हाशिम खान मंडल महामंत्री, इरफान खान मंडल उपाध्यक्ष, अफसर खान, मो शकीर, खिजर भाई, मोहम्मद एतराम, कारी वजीउद्दीन, तोहिद भाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निजी भूखंडों से 7 दिवस में मालिक ने कचरा साफ नहीं कराया तो नगर पालिका वसूलेगी जुर्माना, होगी कुर्की की कार्रवाई

स्मार्ट हलचल |सूरौठ

शहर में खाली पड़े भूखंडों में जमा कचरा, गंदगी एवं मलबे से आमजन को होने वाली परेशानी को लेकर सूरौठ नगर पालिका प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी रीना खंडेलवाल ने शहर के सभी भूखंड मालिकों को निर्देश दिए हैं कि अपने खाली भूखंडों में जमा गंदगी एवं कचरे की 7 दिन में सफाई करवा दें अन्यथा नगर पालिका सभी भूखंडों की सफाई करवाएगी तथा भूखंड मालिकों से भू राजस्व बकाया के रूप में व्यय राशि का 10 गुना जुर्माना वसूल करेगी। इसके अलावा गंदगी से अटे भूखंडों की नगर पालिका अधिनियम के तहत कुर्की भी की जाएगी। अधिशासी अधिकारी खंडेलवाल ने बताया कि सूरौठ नगर पालिका क्षेत्र में काफी खाली पड़े निजी भूखंडों में कचरा, गंदगी व मलबे का जमाव हो रहा है जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का आशंका बनी हुई है वहीं नगर की स्वच्छता रैंकिंग एवं पर्यावरण को भी क्षति पहुंच रही है।

# ग्राम रथ अभियान: ब्यावर में बोले भूपेंद्र सैनी– 'गांव-गांव तक पहुँचेंगी सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं'

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान सरकार की योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुँचाने के संकल्प के साथ 'ग्राम रथ अभियान' अब और अधिक मजबूती से आगे बढ़ रहा है। सरवीना-जवाजा पंचायत भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सैनी ने इस अभियान को ग्रामीण विकास की रीढ़ बताया।



### 17 मई तक बढ़ा अभियान का दायरा

भूपेंद्र सैनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस अभियान की अवधि को 17 मई तक बढ़ा दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गाँव का हर किसान, पशुपालक और युवा जागरूक हो सके और सीधे राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठा सके।

### 13 विभागों का संगम और हाई-टेक प्रचार

सैनी ने बताया कि यह अभियान केवल एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि 13 प्रमुख विभाग– जिसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायती राज और ग्रामीण विकास शामिल हैं–एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। एलइडी मोबाइल वैन: आधुनिक तकनीक से लैस वैन के जरिए वीडियो द्वारा योजनाओं को समझाया जा रहा है। कला जत्था: पारंपरिक लोक विधाओं और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से कलाकार मनोरंजक तरीके से ग्रामीणों को शिक्षित कर रहे हैं।

### अन्नदाता की समृद्धि ही देश की खुशहाली'

भूपेंद्र सैनी ने किसानों और युवाओं से अपील करते हुए कहा, 'अन्नदाता के सशक्तीकरण में ही देश की समृद्धि निहित है। सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।' उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से आगामी ग्राम 2026 आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

### विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का समर्थन

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत ने अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये रथ ग्रामीणों के बीच बहुत प्रभावशाली साबित हो रहे हैं। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की कि वे आगे आएं और इन योजनाओं का पंजीकरण कराकर अपना भविष्य संवारें।

इस अवसर पर पूर्व सभापति नरेश कनौजिया, प्रधान गणपत सिंह, मंडल अध्यक्ष संतोष रावत, प्रदीप सिंह, जय सिंह रावत, कुशाल सिंह रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह रावत, देवेंद्र सिंह रावत, पूर्व प्रधान प्रभु सिंह रावत सहित तहसीलदार हनुत सिंह और विकास अधिकारी बलराम मीणा मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर विशेष

स्मार्ट हलचल



राजेन्द्र कुमार शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष, प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन एवं चीफ एडिटर, द फ्लोरेंस नाइटिंगेल टाइम्स

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस 12 मई को नर्सिंग समुदाय पूरी दुनिया में मनाता है क्योंकि इस दिन (12 मई 1820) को आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था।

दया एवं सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म उच्च वर्गीय, धनाढ्य ब्रिटिश परिवार में हुआ था लेकिन फिर भी उन्होंने सेवा मार्ग चुनकर असहाय और गरीबों की सेवा की। फ्लोरेंस नाइटिंगेल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान 1854 में क्रीमिया के युद्ध में रहा क्योंकि इस युद्ध में उन्होंने पूरे दिन मरीजों की सेवा की और रात में भी मोमबत्ती ओर लालटेन के माध्यम से पूरी रात जागकर मरीजों की सेवा की, जिसके कारण इनको लेडी विद द लेंप की उपाधि से सम्मानित किया गया। उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग के क्षेत्र में महिलाओं के आगे आने की प्रेरणा मिली। 13 अगस्त 1910 को 90 वर्ष की आयु में इनका निधन हो गया था। आज के दिन भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय द्वारा श्रेष्ठ सेवा कार्य करने वाली नर्सेज को राष्ट्रीय स्तर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड से सम्मानित किया जाता है। आज के युग में नर्सों का योगदान नर्सिंग चिकित्सा के साथ साथ नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण है। हम जानते है कि नर्सों के बिना किसी भी अस्पताल में मरीजों का इलाज संभव नहीं है क्योंकि हम देखते है कि सरकारी अस्पतालों में पूरे जनरल वार्ड में 3,4 नर्स ही पूरे कार्य को संभालती है और आईसीयू वार्ड में 3,4 नर्स करीब 15,20 मरीजों को संभालती है। डॉक्टर दवा लिखने के बाद नर्स ही मरीज की पूर्ण निष्ठा से सेवा करके अपना कर्तव्य निभाती है और हां, जहां तक हमारी जानकारी में आया है, आज तक नर्सों ने अपने निजी हित या निजी मांगो को लेकर कभी भी अस्पतालों में पूर्णतया कार्य का बहिष्कार नहीं किया है क्योंकि नर्स नर सेवा को नारायण सेवा समझकर कार्य करती है और इसका उदाहरण हमने कोरोना काल के समय देखा है, जब परिवार के सदस्य भी मरीज के पास जाने से डर रहे थे, उस समय भी नर्स अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा में दिन रात लगी रही। आज भारत में करीब 39.40 लाख पंजीकृत नर्स है। भारत के 5310 प्राइवेट ओर सरकारी नर्सिंग संस्थानों से प्रतिवर्ष लगभग 3.80 लाख नर्सिंगकर्मी निकलते है, इसके बावजूद अस्पतालों में नर्सों पर काम का अत्यधिक दबाव होता है और निजी अस्पतालो में नर्सों को कम वेतन में कार्य करना पड़ता है।

घाड़ बाजार की नालियां बदहाल

## अवैध बजरी के ओवरलोड वाहनों से राहगीर-व्यापारी परेशान



स्मार्ट हलचल | अविनाश मीणा

**घाड़ (देवली), टोंक।** घाड़ कस्बे के मुख्य बाजार में नालियों की बदहाल स्थिति से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बाजार की नालियां टूटी हुई हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। इससे वाहन चालकों, पैदल यात्रियों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों ने इस समस्या का मुख्य कारण अवैध बजरी का परिवहन बताया है। उनके अनुसार, रात के समय मुख्य बाजार से अवैध बजरी से भरे ओवरलोड डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियां तेज रफ्तार में गुजरते हैं। ओवरलोड वाहनों के अत्यधिक भार के कारण नालियां बार-बार धंस जाती हैं और टूट जाती हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर मरम्मत कराई जाती है, लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही के कारण ये नालियां कुछ ही दिनों में फिर से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं।

नालियां टूटने से बाजार में दुकानों के सामने गंदा और बदबूदार पानी जमा रहता है। इससे ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी होती है और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। राहगीरों के अनुसार, कीचड़ और गंदे पानी के कारण बाजार से गुजरना मुश्किल हो गया है। व्यापारियों और ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने बाजार में मजबूत पक्की नालियों के निर्माण की अपील की है, जो भारी वाहनों का भार सह सकें। इसके साथ ही, रात के समय होने वाले अवैध बजरी परिवहन पर सख्त रोक लगाने और मुख्य बाजार से भारी वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने की मांग भी की गई है।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, 'नालियां टूटने से बाजार में हर समय गंदा पानी भरा रहता है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और रात में निकलने वाले ओवरलोड वाहनों पर नकेल कसनी चाहिए।

## गैस सिलेंडर के इस्तेमाल में लापरवाही पड़ सकती है भारी, तेल कंपनियों ने जारी की नई सुरक्षा गाइडलाइन

स्मार्ट हलचल | ब्यावर

भारत सरकार की प्रमुख ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा आम जनता और गैस उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की गई है।

स्मार्ट हलचल, अनिल कुमार: नई गाइडलाइन में गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग और आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले जरूरी उपाय विस्तार से बताए गए हैं। लापरवाही से बचने के लिए, उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे इन नियमों का पालन करें।

रसोई में गैस सिलेंडर को हमेशा सीधा खड़ा रखने और इसे कभी




भी लेटाकर उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि खाना बनाते समय गैस चूल्हा सिलेंडर से कम से कम 6 इंच ऊपर एक समतल स्थान पर रखा हो। साथ ही, रसोई में पेट्रोल या केरोसिन जैसे अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखने से बचने की अपील की गई है। सुरक्षा के लिहाज से, हर 5 साल में गैस पाइप (सुरक्षा होज) बदलना भी जरूरी बताया गया है।

खाना पकाते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, चूल्हा जलाने से पहले हमेशा माचिस की तीली जलानी चाहिए और उसके बाद ही गैस ऑन करनी चाहिए। खाना बनाते समय सूती कपड़े या एप्रन पहनने की सलाह दी गई है। गर्म बर्तनों को उठाने के लिए कपड़े के पल्लू की जगह संडासी या पकड़ का उपयोग करना चाहिए।

यदि रसोई में गैस रिसाव या दुर्गंध महसूस हो, तो तुरंत सभी खिड़की-दरवाजे खोल दें। ध्यान रखें कि बिजली के किसी भी स्विच को हाथ न लगाएं और माचिस या आग का उपयोग भी न करें। इसके बाद रेगुलेटर हटाकर सेफ्टी कैप लगा दें। किसी भी आपात स्थिति में, उपभोक्ता अपने गैस वितरक या हेल्पलाइन नंबर 1906 पर संपर्क कर सकते हैं।

कंपनियों ने गैस सिलेंडर से गैस निकालने या अवैध रिफिलिंग जैसे कार्यों को बेहद खतरनाक बताते हुए इससे दूर रहने की सख्त हिदायत दी है।

## बलात्कारी को 7 साल की सजा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

केस ऑफिसर स्कीम में चयन प्रकरण में बलात्कार के आरोपी न्यायालय से 7 साल का कठोर कारावास की सजा मिली है । आरोपी सिद्धार्थ उर्फ राहूल चारण को न्यायालय ने सजा सुनाई है । महिला अपराध के विरुद्ध न्यायालय ने कडा फैसला सुनाया है । दिनांक 11.04. 2018 को सुभाषनगर थाने में मामला दर्ज हुआ था । आरोपी सिद्वार्थ उर्फ राहूल चारण पुत्र बहादुर सिंह चारण निवासी बाडी रायुनर हाल 7 जे 14 चन्द्रशेखर आजाद नगर जिला भीलवाडा के विरूद्व जुर्म प्रमाणित पाया जाने पर चार्जशीट पेश की गई व माननीय न्यायालय महिला उत्पीडन प्रकरण भीलवाडा मे ट्रायल शुरू की गई। महिला उत्पीडन व बलात्कार के मामले की गम्भीरता को देखते हुए पीडिता का न्याय एवं अपराधी को सजा दिलाने हेतु एसपी धमेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उक्त मामले को केस ऑफिसर के तहत चयन कर केस ऑफिसर रामप्रसाद ए एस आई थाना सुभाषनगर को नियुक्त किया गया जिसका सुपरविजन कैलाश कुमार बिश्नोई पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना सुभाषनगर व हेमन्त आरपीएस त्वरित अनुसंधान सैल भीलवाडा द्वारा किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्तर पर केस ऑफिसर सेल का गठन कर इसका प्रभारी भंवरलाल ए एस आई को नियुक्त किया गया। जिले के सभी केस ऑफिसर स्कीम मे लिये गये प्रकरणो की निगरानी के साथ साथ प्रकरण की स्थिति पर कडी निगरानी रखते हुए प्रकरण के समस्त गवाहों को समय पर न्यायालय मे उपस्थित करा, बयान कराये व आरोपी के विरूद्व पुलिस पैरवी सुनिश्चित की गई।

## माहेश्वरी महिला संगठन के नवम सत्र का पद स्थापना समारोह संपन्न

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** बिजयनगर मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में अजमेर जिला माहेश्वरी महिला संगठन के सानिध्य तथा बिजयनगर माहेश्वरी महिला मंडल के आतिथ्य में 'नव संकल्प' अजमेर जिला माहेश्वरी महिला संगठन के नवम सत्र का पद स्थापना समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम



का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ।

समारोह में नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सुमन बांगड़, मंत्री मोनिका भंसाली, कोषाध्यक्ष रेणु पोरवाल एवं संगठन मंत्री माया ईनाणी सहित समस्त पदाधिकारियों ने समाज हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी (कोटा), पश्चिमांचल उपाध्यक्ष मधु बाहेती, स्थानीय सह प्रभारी शांता धूत एवं समाजसेवी संजू कोगटा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय अध्यक्ष अंतिमा पंडवार ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## रैगर समाज का पहला युवक -युवती परिचय सम्मेलन हुआ सफल

### 425 युवक -युवती का हुआ पंजीयन

स्मार्ट हलचल



**विराटनगर (जयपुर)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा जयपुर दक्षिण की ओर से आयोजित युवक -युवती परिचय सम्मेलन आज 12 मई 2026 रविवार को रामावतार मौर्य जिला ध्यक्ष की अध्यक्षता में विजय कुंज मैरिज गार्डन महेश नगर जयपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर,आत्मा राम लक्ष्य,ज्ञान स्वरूप जी के प्रतिमा को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.एल. नवल ने बताया कि रैगर समाज में ऐसे परिचय सम्मेलन होना बड़े गौरव की बात है जिसमें युवक एवं युवती कोअपनी योग्यता के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अवसर मिलता है। जिससे उनके दाम्पत्य जीवन में सफलता मिलती है। और संतुष्ट होकर अपना जीवन निर्वाह करता है। राम सहाय वर्मा विधायक टोंक पीपलू ने इसे समाज सुधार का अनूठा उदाहरण बताया है । जिसमें युवक -युवती को प्रत्यक्ष रूप में आपस में जीवनसाथी चुनने का अच्छा अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान रामवतार मौर्य जिलाध्यक्ष ने बताया कि आजकल युवाओं में शादी के बाद तलाक जैसी स्थिति उत्पन्न होने के कारण साथ ही मनपसंद जीवनसाथी चुनने के लिए परिचय सम्मेलन का होना आवश्यक है। पंजीयनकर्ता नरोत्तम कुमार वर्मा एडवोकेट ने बताया कि परिचय के लिए 425 युवक -युवती का पंजीकरण किया गया है। कार्यक्रम के दौरान युवक -युवती और माता-पिता में उत्साह देखा गया।परिचय सम्मेलन में युवक युवति मंच पर अपने बायोडाटा में अपना नाम, पता, जन्मतिथि, योग्यता और व्यवसाय के साथ अपने गोत्र के परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एल. नवल, राम सहाय वर्मा विधायक टोंक पीपलू, रामकिशोर रेगर छात्रावास जयपुर , बद्रीनारायण झिगिणिया,स्टेफी चौहान प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, भानु खोरवाल, रामावतार कुलदीप, रमेश जुलूथरिया सी.एम.चान्दोलिया, जगदीश प्रसाद जेलर, धन्नालाल शेरावत, भगवान सहाय जाटवा सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संसाधन रणजीत आलोरिया एवं मुकेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम की जानकारी चंचल प्रकाश चान्दोलिया मीडिया एवं प्रचार प्रसार प्रभारी ने दी।

## नया और विकसित भारत अभियान के अंतर्गत सिंधु नगर में नविभा कमेटी का गठन

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** वार्ड 09 विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के मुरलीपुरा के सिंधु नगर में उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा नागरिक सशक्तिकरण एवं कॉलोनी के विकास कार्यो को गति देने के उद्देश्य से नविभा समिति का गठन किया गया 7 इस कमेटी में नव मनोनीत अध्यक्षा के रूप में श्रीमती वर्षा शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। वर्षा शर्मा ने अपनी कार्यकारणी सर्वसम्मति से घोषित की जिसमे उपाध्यक्ष - राजीव जांगिड़, सचिव - डॉ शरद गुप्ता, कोषाध्यक्ष - सुरेश बागड़ा , सयुक्तसचिव - सुशील अग्रवाल, नितिन कट्टा, निर्मल शर्मा, डॉ सुशील वर्मा आदि को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी के गणमान्य निवासियों में कमल



दीक्षित, किशन शर्मा, शंकर शर्मा , तारा चंद पारीक , जयशंकर प्रसाद मिश्रा, अर्चना जांगिड़, बसंती शर्मा, संतोष शर्मा, इंदु शर्मा , रुक्मणि शर्मा, राजेंद्र अग्रवाल आदि उपस्तिथ रहे। इस बैठक का संचालन न्यू इंडिया ट्रस्ट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय सक्सेना द्वारा किया गया।

बैठक में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में निवर्तमान पार्षद राजेश गुर्जर एवं न्यू इंडिया ट्रस्ट से सीईओ अनिल पारीक ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री अनिल पारीक ने विशेष रूप से न्यू इंडिया ट्रस्ट द्वारा संचालित नया और विकसित भारत अभियान के उदेश्यो एवं कार्य प्रणाली से सभी क्षेत्र वासियों को अवगत कराया एवं सभी को श्रेष्ठ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ भी दिलाई। उल्लेखनीय है नया और विकसित भारत अभियान के अंतर्गत शहर के 30 वार्डो में स्वछता, नागरिक दायित्वों का बो ध और ट्रैफिक नियमो की जानकारी, सामुदायिक विकास एवं व्यक्तिगत सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

बैठक में निवर्तमान पार्षद राजेश गुर्जर द्वारा समस्त नवनियुक्त कार्यकारिणी को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। बैठक के समापन पर नवनियुक्त अध्यक्ष वर्षा शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया साथ ही समस्त कॉलोनी वासियो से आग्रह किया की वे कॉलोनी के विकास कार्यो एवं बैठकों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेते हुए सहयोग प्रदान करे।

## कांग्रेस का प्रचंड प्रदर्शन: 4 घंटे पीएमओ का घेराव, 'ब्यावर बंद' की बड़ी चेतावनी

### अमृतकौर अस्पताल की बदहाली पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा; मंत्रियों को काले झंडे दिखाने का ऐलान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय की चरमराई व्यवस्थाओं और विशेषज्ञों की कमी को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने 'आर-पार' की लड़ाई का शंखनाद कर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रशासन की ईंट से ईंट बजाते हुए करीब 4 घंटे तक पीएमओ ([illegible]) का घेराव किया।

### प्रशासन के हाथ-पांव फूले, एडीएम पहुंचे मौके पर

प्रदर्शन की उग्रता को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट को स्वयं



मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर ज्ञापन लिया और जल्द समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद घेराव समाप्त हुआ।

### 'रेफरल सेंटर बन गया है अस्पताल': अजय शर्मा

ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा ने तीखे प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक की लापरवाही के कारण अस्पताल अब केवल 'रेफरल सेंटर' बनकर रह गया है, जहाँ गरीबों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।

### कांग्रेस का 'अल्टीमेटम' और रणनीति:

काले झंडे: ब्यावर आने वाले मंत्रियों का काले झंडों से कड़ा विरोध किया जाएगा। हर सोमवार को कांग्रेस का शिष्टमंडल पीएमओ से मिलकर सुधार की प्रगति रिपोर्ट लेगा। ब्यावर बंद: यदि 15 से 30 दिनों में डॉक्टर नियुक्त नहीं हुए और व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो संपूर्ण 'ब्यावर बंद' का आह्वान किया जाएगा।

### प्रमुख मांगें:

ज्ञापन में एनेस्थीसिया, सर्जन, गायनोलॉजिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट की तत्काल नियुक्ति, मेजर ऑपरेशन दोबारा शुरू करने और रूंद्ध मशीन लगाने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गई हैं।

प्रदर्शन में आशीषपाल पदावत, पूर्व विधायक माणक डाणी, पारस पंच, अज़मत काठात, शांति डाबला, कल्पना भटनागर, विक्रम सोनी, मनीष सांखला सहित बड़ी संख्या में पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नर्सेजकर्मी मानव सेवा ही नहीं अपितु अपरोक्षरूप से देश सेवा भी कर रहे

स्मार्ट हलचल

राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपूर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया। कम्पाउंडर नवल असवाल ने बताया कि आधुनिक नर्सिंग की जननी सुश्री फ्लोरेन्स नाईटिंगेल के जन्म दिवस को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप में वर्ष 1974 से लगातार मनाया जाता है, जिन्होंने आधुनिक नर्सिंग की परिकल्पना की थी तथा नर्सेज को चिकित्सा दल के एक अतिमहत्वपूर्ण सदस्य के रूप में मान्यता दिलवाई थी। अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज कौन्सिल द्वारा प्रत्येक वर्ष नर्सेज दिवस पर एक थीम प्रदान की जाती है, इस वर्ष की नर्सेज दिवस की थीम ''अवर नर्सेज-अवर फ्यूचर : एम्पावर्ड नर्सेज सेव लाईव्ज'' प्रदान की गई। नवल असवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा आधुनिक नर्सिंग की जननी सुश्री फ्लोरेन्स नाईटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सुश्री फ्लोरेन्स नाईटिंगेल के जीवन परिचय के बारे में जानकारी सीएचसी प्रभारी नरेंद्र द्वारा प्रदान की गई तथा उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों से उपस्थित नर्सेज को अवगत करवाया ।





**अगर आपके बाल भी रूखे सूखे और बेजान हो गए हैं तो उन्हें सुलझाने के लिए और उनकी नेचुरल चमक को वापस लाने के लिए आप इन दो घरेलू नुस्खों को ज़रूर आज़माए। इनकी मदद से आपके बाल न केवल शाइनी होंगे बल्कि जड़ से मजबूत और हेल्दी भी होंगे। साथ ही बालों का झड़ना भी कम होगा। चलिए, जानते हैं वे नुस्खे कौन से हैं?**

# रूखे और बेजान बालों को चमकाने के लिए इन नुस्खों का करें इस्तेमाल, रेशम से सिल्की हो जाएंगे बाल

### इन दो नुस्खों का करें इस्तेमाल :

अलसी का जेल : अलसी के बीजों में ऐसे कई फायदेमंद तत्व पाए जाते हैं, जो बालों की सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं।अलसी में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड बालों को चमकने के अलावा उन्हें झड़ने से बचाता है। साथ ही ये सिर की त्वचा की सूजन को कम करने में भी मदद करते हैं।

कैसे करें इस्तेमाल : अलसी के जेल को शहद, दही के साथ मिलाएं। इस मास्क को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं, 15-20 मिनट तक लगा रहने दें, फिर धो लें। इससे बालों में नमी और चमक बढ़ सकती है।

चावल का पानी : चावल का पानी कई पोषक तत्वों जैसे विटामिन क्र ष्ट, श्च, मिनरल्स और अमीनो एसिड से भरपूर होता है। यह बालों की सतह पर होने वाले घर्षण को कम करने में मदद करता है जिससे बाल रेशमी और चमकदार बनते हैं और उनमें रूखापन कम होता है।

कैसे करें इस्तेमाल : कच्चे चावलों को लगभग 30 मिनट तक पानी में भिगोकर रखें। चावलों को छान लें और पानी को अलग रख लें। बालों में शैम्पू करें और नल के पानी से धो लें। इसके बाद, बालों और सिर की त्वचा को उस चावल के पानी से धोएँ जिसे आपने अलग रखा था। इसे 10-15 मिनट तक लगा रहने दें और आखिर में पानी से धो लें।

### शाइनी और मजबूत हेयर के लिए इन बातों का भी रखें ख्याल :

तौलिए की जगह सूती का करें इस्तेमाल : अगर आप भी तौलिए का इस्तेमाल बालों को सुखाने के लिए कर रहे हैं तो इस आदत को बदल दें। तौलियों से ज़ोर से रगड़ने से बालों में घर्षण पैदा होता है, जिससे बाल टूट जाते हैं। इसलिए, तौलिए की जगह सूती कपड़े का इस्तेमाल करें, जिससे आप अपने बालों को सुखा सकें।

बाल धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल न करें : अगर आप बाल धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे बालों के क्यूटिकल्स खुल जाते हैं। लेकिन जब आप बाल धोने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करते हैं, तो यह क्यूटिकल्स को बंद कर देता है और बालों को रेशमी और सीधा रखने में मदद करता है।

हीट टूल्स का इस्तेमाल करने से बचें : अगर आप अपने बालों को ठीक करने के लिए ब्लो ड्रायर या इलेक्ट्रिक स्ट्रेटनर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो असल में आप अपने बालों को कमज़ोर बना रहे हैं। इसीलिए आपको ड्रायर और इस तरह के अन्य उपकरणों का नियमित इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

# चेहरे पर कैसे लगाएं दूध की मलाई, ग्लो करने लगेगा चेहरा

## रूखी त्वचा भी बन जाएगी मुलायम



दूध को त्वचा के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। लेकिन क्या आपको पता है कि सिर्फ दूध ही नहीं, बल्कि दूध की मलाई भी आपकी त्वचा की सेहत पर पॉजिटिव असर डाल सकती है? दूध की मलाई में मौजूद तमाम औषधीय गुण स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स से छुटकारा दिलाने में कारगर साबित हो सकते हैं। आज हम आपको पोषक तत्वों से भरपूर दूध की मलाई को स्किन केयर रूटीन में शामिल करने के सही तरीके के बारे में बताएंगे।

कैसे लगाएं मलाई- सबसे पहले एक कटोरी में थोड़ी सी मलाई निकाल लीजिए। इसके बाद आपको इसी कटोरी में चुटकी भर हल्दी पाउडर को भी निकाल लेना है। अब आपको इन दोनों केमिकल फ्री चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लेना है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आप इस पेस्ट को फेस पैक की तरह एक हफ्ते में 1 से 2 बार अप्लाई कर सकते हैं।

अप्लाई करने का तरीका- इस फेस पैक को अपने पूरे चेहरे पर और गर्दन वाले हिस्से पर अच्छी तरह से लगा लीजिए। लगभग 5 मिनट तक अपने चेहरे की मसाज जरूर करें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको लगभग 20 मिनट तक इस फेस पैक को अपनी त्वचा पर लगाए रखना है। 20 मिनट के बाद आप फेस वॉश कर सकते हैं। हालांकि, आपको दूध की मलाई को अपने पूरे चेहरे पर अप्लाई करने से पहले पैच टेस्ट करना नहीं भूलना चाहिए।

त्वचा के लिए वरदान- त्वचा का निखार बढ़ाने के लिए और त्वचा को गहराई से पोषण देने के लिए इस फेस पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। क्या आप दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं? अगर हां, तो आप इस फेस पैक को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं। दूध की मलाई में एंटी एजिंग गुण भी मौजूद होते हैं यानी झुर्रियों को रोकने के लिए भी इस फेस पैक को यूज किया जा सकता है। इस फेस पैक की मदद से रूखी त्वचा को मुलायम बनाया जा सकता है।

डिस्क्लेमर : इस आर्टिकल में सुझाए गए टिप्स केवल आम जानकारी के लिए हैं। सेहत से जुड़े किसी भी तरह का फिटनेस प्रोग्राम शुरू करने अथवा अपनी डाइट में किसी भी तरह का बदलाव करने या किसी भी बीमारी से संबंधित कोई भी उपाय करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें। इंडिया टीवी किसी भी प्रकार के दावे की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है।

# नाश्ते में झटपट बनाएं टेस्टी और हेल्दी रागी चीला, वेट लॉस में है मददगार

सुबह का नाश्ता दिन का पहला मील होता है। इसलिए नाश्ते में हमेशा हेल्दी चीजें खानी चाहिए। सुबह की जल्दबाजी में लोगों को समझ नहीं आता कि क्या बनाया जाए। अक्सर लोग एक ही तरह का नाश्ता करके बोर हो जाते हैं। ऐसे में रागी का चीला स्वाद और सेहत दोनों का परफेक्ट कॉम्बिनेशन हो सकता है। रागी का चीला खाने में बेहद स्वादिष्ट लगता है और इसे बनाना बेहद आसान भी है। रागी चीला ग्लूटन-फ्री और कम कैलोरी वाला नाश्ता है। ऐसे में जो लोग वेट लॉस करना चाहते हैं वो इसका सेवन कर सकते हैं।

### सामग्री

रागी का आटा- 1 कप

बेसन या सूजी- 2-3 बड़े चम्मच (बाइंडिंग के लिए)

दही- द कप

प्याज -1 मध्यम (बारीक कटा हुआ)

हरी मिर्च - 1-2 (बारीक कटी हुई)

अदरक-लहसुन पेस्ट - ङ्ग छोटा चम्मच

ताजा धनिया - बारीक कटा हुआ

सब्जियां - कद्दूकस की हुई गाजर या बारीक कटी शिमला मिर्च (स्वादानुसार)

मसाले - नमक, हल्दी, जीरा पाउडर, और थोड़ी सी हींग

पानी - आवश्यकतानुसार (घोल बनाने के लिए)

तेल/घी - सेकने के लिए



बनाने की विधि

### घोल तैयार करें

एक बड़े बाउल में रागी का आटा, बेसन/सूजी, नमक और सभी सूखे मसाले मिला लें। अब इसमें दही और थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर एक मध्यम गाढ़ा घोल तैयार करें। ध्यान रहे कि गुठलियां न बनें।

### सब्जियां मिलाएं

इस घोल में कटा हुआ प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरा धनिया और अपनी मनपसंद सब्जियां डालकर अच्छी तरह मिलाएं। घोल को 10-15 मिनट के लिए ढककर रख दें।

### तवा गरम करें

एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और उस पर थोड़ा सा तेल या घी लगाकर चिकना कर लें।

### चीला फैलाएं

आंच को धीमा करें और एक बड़ा चम्मच घोल तवे के बीच में डालें। इसे धीरे-धीरे गोल घुमाते हुए फैलाएं।

### सेकें

चीले के किनारों पर थोड़ा सा तेल डालें। इसे मध्यम आंच पर 2-3 मिनट तक पकने दें जब तक कि ऊपर की सतह सूखी न दिखने लगे।

### पलटें

अब चीले को पलट दें और दूसरी तरफ से भी सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेकें।


# कच्चे आम की लौंजी बनाकर खाएं, खट्टा मीठा स्वाद चखते ही मजा आ जाएगा, फटाफट नोट कर लें रेसिपी

कच्चे आम का सीजन आते ही लोग आम की चटनी, आम का अचार और आम की लौंजी बनाकर खाते हैं। अगर आपको भी कुछ खट्टा मीठा और स्वादिष्ट खाना है तो आम की लौंजी बनाकर खा सकते हैं। बिना प्याज, लहसुन और टमाटर के आम की लौंजी बनकर तैयार हो जाती है। इसका स्वाद इतना अच्छा होता है कि आप लौंजी से 1-2 रोटी ज्यादा खा जाएंगे। अगर आपने अभी तक आम की लौंजी ट्राई नहीं की तो ये रेसिपी एक बार जरूर बनाएं। खास बात ये है कि कच्चे आम की लौंजी कई दिनों तक खराब नहीं होती है। इसका स्वाद बहुत ही मजेदार होता है। फटाफट नोट कर लें कच्चे आम की लौंजी की रेसिपी।

### कच्चे आम की लौंजी की रेसिपी

पहला स्टेप- कच्चे आम की लौंजी बनाने के लिए आपको 3-4 कच्चे आम लेने हैं। आम को अच्छी तरह से धो लें और उसे छील लें। अब आम को मोटे-मोटे टुकड़ों में काट लें। गुठलियां निकाल लें और उन्हें फेंके नहीं बल्कि सब्जी में ही डाल दें।

दूसरा स्टेप- लौंजी के लिए कड़ाही में सरसों का तेल डालें। आपको बहुत कम तेल इस्तेमाल करना है। अब तेल में हरी सौंफ डालें और हल्दी, नमक और लाल मिर्च पाउडर डाल दें। अब इसमें कटे हुए कच्चे आम और उसकी गुठलियां डाल दें। सारी चीजों को मिक्स करके 1 गिलास पानी डाल दें।



आम की लौंजी

तीसरा स्टेप- अब आम को अच्छी तरह से गलने तक पकाएं। जब आम पक जाए तो इसमें थोड़ा स्वाद बढ़ाने के लिए काला नमक और काली मिर्च का पाउडर डाल दें। अब मीठा करने के लिए इसमें गुड़, जैगरी पाउडर या फिर चीनी मिला दें। आप इसे अपने स्वाद के हिसाब से मीठा कम या ज्यादा रख सकते हैं। लौंजी में पानी कम हो तो थोड़ा और डाल लें।

चौथा स्टेप- आम की लौंजी को हल्का लुटपुटा बनाते हैं। बहुत ज्यादा पानी या बहुत गाढ़ा न करें। इस तरह स्वादिष्ट आम की लौंजी बनकर तैयार हो जाएगी। आप इसे रोटी और चावल के साथ खाएं। आम की लौंजी को अच्छी तरह 8-10 दिन तक फ्रिज में रखकर खा सकते हैं।

# बादाम के तेल में मिलाएं ये 1 चीज, तैयार हो जाएगी घर में बनी नेचुरल फेस क्रीम, लगाते ही मक्खन सी चिकनी होगी त्वचा



त्वचा को स्वस्थ और खूबसूरत बनाने के लिए चेहरे पर मालिश करना जरूरी है। मसाज के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम मिल जाती हैं। लेकिन आप घर में सिर्फ बादाम के तेल और एलोवेरा जेल से एकदम नेचुरल और होममेड क्रीम तैयार कर सकते है। आपको यकीन नहीं होगा कि तेल से इतनी आसानी से क्रीम बन जाएगी। आप इसे कुछ दिनों तक लगातार चेहरे पर लगाएंगे तो निखार साफ नजर आने लगेगा। बाबाद और एलोवेरा से बनी ये क्रीम झुर्रियों को दूर करने, झाईं और दाग मिटाने और एजिंग को कम करने में मदद करती है। इस क्रीम को बनाना बच्चों का खेल है। इतनी आसानी से और मिनटों में घर में बादाम के प्योर शुद्ध तेल से क्रीम बन जाएगी। जानिए बादाम तेल से क्रीम बनाने का तरीका क्या है?

### बादाम तेल से क्रीम कैसे बनाएं

इसके लिए आपको बादाम का शुद्ध तेल लेना है। आप घर में बादाम का तेल निकाल सकते हैं। बाजार से त्वचा पर लगाने के लिए कोल्ड प्रेस बादाम का खरीद सकते हैं। बादाम के तेल को कटोरी में निकाल लें। 4 चम्मच तेल में करीब 4 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स करें। इसमें 2 विटामिन ई के कैप्सूल डालें और सारी चीजों को चम्मच की मदद से लगातार चलाते रहें। थोड़ी देर चलाने के बाद ही तेल और जेल मिलकर क्रीम जैसी बन जाएगी। इसका रंग भी व्हाइट और क्रीमी होने लगेगा।

### बादाम क्रीम को चेहरे पर कैसे लगाएं

इस क्रीम को एक एयरटाइट कांच की शीशी या किसी क्राम के ट्यूब में भर दें। आप इसे रोजाना रात में सोते वक्त पूरे चेहरे पर अच्छी तरह से लगाएं। थोड़ी देर हल्के हाथों से चेहरे की मालिश करें। इसके बाद सो जाएं। सुबह पानी से चेहरे को धो लें। बादाम के तेल से बनी इस क्रीम का इस्तेमाल आप दिन में किसी भी वक्त कर सकते हैं। नहाने से पहले या नहाने के बाद इस क्रीम से फेस मसाज करना फायदेमंद साबित होगा। आप इसे लंबे समय तक आसानी से स्टोर कर सकते हैं। बादाम के तेल में भरपूर विटामिन ई पाया जाता है जिससे एजिंग को कम किया जा सकता है। वहीं एलोवेरा त्वचा में नमी को लॉक करने का काम करता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com